

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, रविवार 6 अगस्त 2023 ■ श्रावण कृष्ण पक्ष-5 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-129 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 7 अगस्त 2023 ₹ 1.00

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

## संक्षेप

### पूर्व आईएएस के घर से खाली हाथ लौटे चोर

**जशपुर 5 अगस्त।** जशपुर में चोरों की हिमाकत कुछ ज्यादा ही बढ़ गयी है। जशपुर में चोरों ने शनिवार की रात रिटायर्ड आईएएस के घर को निशाना बनाया। हालांकि चोरी के दौरान चोरों के हाथ कुछ भी कीमती सामान नहीं लगा। जानकारी के मुताबिक रिटायर आईएएस एमएस पैंकरा के सुने आवास में चोरों ने ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया। घटना तपकरा थाने के सिंगीबहार की बतायी जा रही है। चोर घर का ताला तोड़कर घर के अंदर दाखिल हो गये। इस दौरान चोरों ने घर के अलमीरा, संदूक और दराज की तलाश ली। घर का पूरा सामान उलट पुलट करने के बावजूद भी जब चोरों के हाथ में कुछ नहीं आया, तो वो खाली हाथ वापस लौट गये। घटना की सूचना पूर्व आईएएस पैकरा के परिजनों ने पुलिस को दी, जिसके बाद तपकरा पुलिस मौके पर पहुँची और जांच शुरू की।

### स्टील प्लांट में ब्लास्ट एक की मौत

**दुर्ग,6 अगस्त।** रायपुर स्टील प्लांट में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। प्लांट में ब्लास्ट होने से एक श्रमिक की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्टील प्लांट में धमाके के बाद अफरा-तफरी मच गई। मिली जानकारी के अनुसार, रसमड़ा औद्योगिक क्षेत्र स्थित रायपुर स्टील प्लांट में ब्लास्ट हुआ है। लोहे को पिघलाते समय ये ब्लास्ट हुआ। इससे काम पर मौजूद एक कर्मचारी की मौत हो गई। वहीं दो गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मृतक का नाम खेमलाल साहू बताया जा रहा है। वहीं ब्लास्ट होने की वजह समाचार लिखे जाने तक सामने नहीं आई है।

### छग में 25 नवीन पशु औषधालय

**रायपुर,6 अगस्त।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में पशुधन के संरक्षण और संवर्धन के लिए चालू बजट में अनेक प्रावधन किये है। इससे राज्य के किसानों और पशुपालकों को पशुओं के उपचार और कृत्रिम गर्भाधान सहित विभिन्न प्रकार की सुविधाएं मिलेगी। ग्रामीणों को कृषि के साथ-साथ पूरक आय के स्त्रोत जैसे डेयरी, बकरी, सुकर, कुक्कुट व्यवसाय को अपनाने में सुविधा होगी।

## देश के 508 रेलवे स्टेशनों का होगा कायाकल्प

# विपक्ष हर अच्छे काम का विरोध करता हैः मोदी




**नई दिल्ली,6 अगस्त।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत रेलवे स्टेशन के शिलान्यास कार्यक्रम का उद्घाटन रिमोट के जरिए किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत रेलवे स्टेशन के शिलान्यास कार्यक्रम में देशभर के 508 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की आधारशिला रखी। इस दौरान रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव, भाजपा के कई वरिष्ठ और दिग्गज नेता भी मौजूद थे।

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया में दक्षिण अफ्रीका, यूक्रेन, स्वीडन, यूके जैसे देशों में जितना रेल नेटवर्क है भारत ने अकेले 9 साल में रेल ट्रैक बनाए गए है। भारत का लक्ष्य है कि रेलवे और सुलभ और सुखद बनाई जाए। यात्रियों की सुविधा के लिए प्लेटफॉर्म पर बैठने के लिए अच्छे वेटिंग रूमों का निर्माण हो रहा है। हजारों स्टेशनों पर मुफ्त इंटरनेट भी उपलब्ध होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष हर अच्छे काम का विरोध करता है। विपक्ष ने संसद भवन की नई इमारत का विरोध किया। शहीदों के लिए वॉर मेमोरियल का निर्माण नहीं करवाया। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी जाने पर भी विपक्ष को आपत्ती है। सरदार पटेल को विपक्ष नमन नहीं करता है। वो ना ही काम करेंगे और ना ही करने देंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विकसित होने के लक्ष्य की तरफ भारत कदम बढ़ा रहा है। भारत वर्तमान में अपने अमृतकाल में है। अभी नए अध्याय की शुरुआत हो रही है, जिसे लिखा जा रहा है। भारत में 1300 रेलवे स्टेशनों में से 508 रेलवे स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशन के तहत पुनर्विकास किया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में लगभग 25 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 30 वर्षों ये पूर्ण बहुमत की सरकार बनी है। दुनिया में भारत की साख मजबूत हो रही है। उन्होंने रेल मंत्रालय का जिक्र करते हुए कहा कि ऐतिहासि कदम के लिए रेल मंत्रालय की सराहना करता हूं।




**रायपुर,6 अगस्त। इस समारोह में रायपुर से राज्यपाल विश्वभूषण हरि चंदन शामिल हुए। राज्यपाल श्री हरि चंदन ने रायपुर रेलवे स्टेशन के विकास के लिए तैयार मॉडल का अवलोकन भी किया।**



## नदी में गिरी यात्री बस,4 की मौत

**रांची,6 अगस्त।** झारखंड के गिरिडीह में बीती रात भीषण सड़क हादसा हो गया। रांची से गिरीडीह जा रही यात्रियों से भरी बस गिरिडीह-डुमरी मुख्य मार्ग पर स्थित बराकर नदी में गिर गई। हादसे में 4 यात्रियों की मौत हो गई। कुछ यात्री गंभीर घायल हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है। बस में 30 लोग सवार थे। जानकारी मिलते ही गिरि मौके पर गिरिडीह जिले के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू करवाया। घटना की जानकारी मिलते ही प्रदेश बीजेपी के अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी और बताया कि वो भी घटनास्थल के लिए रवाना हो चुके हैं। उन्होंने ट्वीट में लिखा कि रॉची से गिरीडीह जा रही बस के बराकर नदी में गिर जाने से कई लोगों के हताहत और घायल होने की हृदयविदारक जानकारी मिली है। राहत एवं बचाव कार्य में ज़िले के अधिकारियों के साथ हमारे कार्यकर्ता मुस्तैदी से लगे हुए हैं। मैं राहत कार्य में सहयोग के लिये मधुबन से घटनास्थल के लिये रवाना हो गया हूँ। बस 50 फीट की ऊंचाई से नदी में गिरी है. चार लोगों की मौत की पुष्टि कर दी गई. घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है. कई लोगों की गंभीर चोट भी आई है. कहा जा रहा है कि मरने वाली कीं संख्या में इजाफा हो सकता है.



**तिल्दा-नेवरा।** यहां आयोजित शिव कथा में शामिल होकर विधायक व पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल तथा सांसद सुनील सोनी ने कथा वाचक प्रदीप मिश्रा से आशीर्वाद लिया।

### अतुल और राधिका बनाए गए कांग्रेस मीडिया समन्वयक

**रायपुर,6 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में इस साल के आखिरी में विधानसभा का चुनाव होना हैं। इसको लेकर सभी राजनीतिक पार्टियां जोर शोर से तैयारी में जुट गए हैं। वहीं विधानसभा चुनाव के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने अतुल लोंढे पाटिल और राधिका खेड़ा को मीडिया समन्वयक नियुक्त किया है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है।

## 2 हजार करोड़ इन्वेस्ट कर एयरपोर्ट का सौंदर्यीकरण फिर नीलामीः सीएम

**रायपुर,6 अगस्त।** पीएम मोदी के दौरे पर सीएम भूपेश बघेल ने तंज कसा है. भूपेश बघेल ने कहा, यहां तो पीएम मोदी झूठ परोस कर गए. साइंस कॉलेज ग्राउंड में झूठ परोस कर गए थे कि, धान खरीदी भारत सरकार करती है. साथ ही पीएम मोदी के विपक्ष अभी भी पुराने



ढर्रे पर चलने वाले बयान पर भी निशाना साधते हुए कहा, देश की संपत्ति को बेच देंगे तब हर स्तर पर विरोध होगा. नगरनार बना रहे हैं, अब तक शुरू भी नहीं हो पाया. इसका विरोध नहीं होना चाहिए? आगे भूपेश बघेल ने अमृत मिशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों के विस्तार पर कहा, प्रधानमंत्री को मैंने पत्र भी लिखा है.ट्रेनें लगातार लेट से चल रही है और बहुत सी निरस्त भी हो गई हैं. यह बहुत दुखद है, छत्तीसगढ़ में विरल बसाहट है, आवागमन के लिए ट्रेन अच्छी सुविधा है.




**रायपुर,6 अगस्त।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टेड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अधिवेशन का आज शुभारंभ किया।

## घर-घर शराब पहुंचाकर सरकार ने कई परिवार को किया बर्बादः निशा

**रायपुर,6 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की रायपुर एवं दुर्ग संभाग की संभाग स्तरीय बैठक आज भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने कहा कि हमें राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा दिए गए कार्यों को बूथ स्तर तक जाकर पूरा करना है। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वानथी श्रीनिवासन के द्वारा महिला मोर्चा चुनाव समिति बनाई गई है जिसमें राष्ट्रीय महामंत्री इंदु गोस्वामी को प्रभारी एवं आरती सिंह एवं स्मिता बरुवा को सह प्रभारी बनाया गया है।



भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महामंत्री निशा सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में किए वादों को अभी तक पूरा नहीं कर पाई है। महिला स्व सहायता समूह की बहनों का कर्जा माफ करने का वादा करने वाली कांग्रेस ने पौने 5 साल बीत जाने के बाद भी महिला स्व सहायता समूह की बहनों का कर्ज माफ नहीं किया है। छत्तीसगढ़ में शराब को घर घर पहुंचा कर प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने कई परिवारों को तोड़ा है और यह सब केवल उसने शराब से अवैध उगाही करने के लिए किया है। आगामी विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की महिलाएं अपने साथ हुए धोखाधड़ी के लिए प्रदेश की कांग्रेस सरकार को अवश्य सबक सिखाएगी । भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए भाजपा महिला मोर्चा चुनावी बिगुल फूंक चुकी है। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश सरकार के द्वारा किए गए वादाखिलाफी को लेकर एवं प्रदेश सरकार की अव्यवस्थित कार्यप्रणाली को लेकर घर घर जाकर प्रदेश सरकार की नाकामी को उजागर करेगी। पवित्र गंगाजल की सौगंध खाकर देश में पूर्ण शराबबंदी का वादा करने वाली प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी करने के बजाय 2000 करोड़ रुपए का शराब घोटाला किया है।

## नूंह में तनाव पैदा होने की आशंका के बारे में खुफिया जानकारी नहीं थी : गृहमंत्री

**चंडीगढ़,6 अगस्त।** हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा है कि नूंह जिले में धार्मिक शोभायात्रा के मद्देनजर तनाव पैदा होने की आशंका के बारे में उनके पास कोई खुफिया जानकारी नहीं थी। 31 जुलाई को इस शोभायात्रा पर हमला हुआ था। विज ने नूंह में भड़की हिंसा से संबंधित सवाल के जवाब में कहा, ''मैंने अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) और पुलिस महानिदेशक से पूछा। उन्होंने भी यह कहा कि उन्हें कोई जानकारी नहीं थी।'' विज ने कहा, ''पता नहीं यह (खुफिया जानकारी) किसी के पास थी या नहीं, मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

कम से कम मुझे तो इसके बारे में पता नहीं था।'' इस बारे में एक टीवी चैनल ने सीआईडी के एक निरीक्षक का 'स्टिंग' प्रसारित किया है, जिसमें कथित तौर पर दावा किया गया है कि अधिकारियों को मुस्लिम बहुल जिले नूंह में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की यात्रा के दौरान तनाव पैदा होने की आशंका के बारे में जानकारी थी। इस 'स्टिंग' की ओर इशारा करते हुए विज ने कहा कि स्टिंग ऑपरेशन का एक वीडियो सामने आया है और इसकी जांच होनी चाहिए कि निरीक्षक ने वह खुफिया जानकारी किसके साथ साझा की थी। मंत्री ने पूछा, ''अगर उनके पास जानकारी थी, तो उन्होंने यह किसके साथ साझा की।'' विज ने कहा कि उन्होंने वीडियो को विश्लेषण के लिए गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को भेजा है। राज्य का आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) मुख्यमंत्री मनोहर लाल के अधीन आता है।

नूंह में सोमवार को विश्व हिंदू परिषद की शोभायात्रा पर भीड़ के हमला करने के बाद भड़की सांप्रदायिक हिंसा में दो होम गार्ड और एक इमाम समेत छह लोगों की मौत हो गई।



# कृषि मंत्री ने फसल बीमा जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

- कृषि मंत्री श्री साहू ने फसल बीमा जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना
- सभी किसानों से 16 अगस्त तक फसल बीमा कराने की अपील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई 6अगस्त।** कृषि मंत्री ताम्रध्वज ने 4 अगस्त को दुर्ग स्थित अपने निवास कार्यालय से पूर्वान्ह 11 बजे राज्य में प्रधानमंत्री फसल बीमा के प्रचार-प्रसार के लिए 8 जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राज्य में खरीफ फसलों का बीमा ज्यादा से ज्यादा किसान कराएं, इसके लिए यह जागरूकता रथ गांव-गांव घूमकर किसानों को बीमा संबंधी जानकारी देंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्राकृतिक आपदाओं, कीट और रोगों के कारण फसल नष्ट होने की स्थिति में किसानों को बीमा कव्हरेज और इसकी सहायता प्रदान की जाती है, ताकि कृषि में होने वाले नुकसान की भरपाई हो सके। राज्य में खरीफ फसलों के अंतर्गत धान सिंचित एवं असिंचित, मक्का, सोयाबीन, अरहर, मूंग एवं उड़द अधिसूचित फसलें हैं, जिनका बीमा किसान करा सकते हैं। उक्त फसलों का बीमा कराने के लिए किसानों को प्रीमियम राशि का मात्र 2 प्रतिशत राशि देनी होती है, शेष राशि का वहन शासन द्वारा किया जाता है। कृषि विभाग ने शत-प्रतिशत किसानों से अपनी फसलों का बीमा 16 अगस्त तक कराने जाने की अपील की है, ताकि जोखिम से बचा जा सके।

# छग वाणिज्य एवं विज्ञान कॉलेज में आयोजित किए गए विविध कार्यक्रम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई 6 अगस्त।** छत्तीसगढ वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित हुआ विविध कार्यक्रमङुरितिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गजेन्द्र ने प्राप्त किया तो प्रीति पाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं लडको के लिए आयोजित एक मिनट में साड़ी पहनों प्रतियोगिता में दिनेश साहू ने प्रथम स्थान व द्वितीय स्थान रविश साहू ने प्राप्त किया। भारतीय विविधता कार्यक्रम भारतीय विविधता कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के बीएड और डीएलएड व पीजीडीसीए के छात्रों ने इससे संबंधित कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ, उड़िसा, बंगाल, असम, यूपी, बिहार, हिमाचल प्रदेश, गुजरात व महाराष्ट्र सहित सभी राज्यों के वेष भूषा में छात्र और छात्राओं ने वहां के बोली एवं भाषा के आधार पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कियो तो किसी ने उन राज्यों के भाषा व बोली में नाटक प्रस्तुत किया तो किसी ने कविता पाठ किया तो किसी ने प्रेरक श्लोगन व देश एकता पर आधारित नारा लगाया और आपस में मिलजुल कर देश को आगे बढाने का संकल्प लिया। मेंहदी प्रतियोगिता-- छग वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय में गत दिवस मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस प्रतियोगिता में रीता व ममता ने प्रथम स्थान व ऋुति व रिचा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस मेहदी प्रतियोगिता के निर्णायक श्रीमती अनघा अगासे व वरिष्ठ प्राध्यापक श्रीमती विद्या चोपड़े थी। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ संपन्नहुआ।

# राज्य सरकार की वादाखिलाफी को जन-जन तक पहुंचाना है: मोतीराम चंद्रवंशी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा 6 अगस्त।** प्रदेश में सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने के ध्येय से कवर्धा जिले की दोनों विधानसभाओं के सभी मंडलों में बैठके आहूत की जा रही हैं. पंडरिया विधानसभा के कुई कुकदुर, दुल्लापुर, कुंडा, पंडरिया, पांडातराई और इंदौरी मंडलों में प्रभारी के रूप में शामिल पूर्व संसदीय सचिव मोती राम चंद्रवंशी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा चुनाव में कांग्रेस को शिकस्त देने के उद्देश्य से तरह तरह के कार्यक्रमों की रचना की जा रही है. जिसमे बूथ मेनेजमेंट से लेकर राज्य सरकार की वादाखिलाफी को जन जन तक पहुंचाना शामिल है. जिसमे अगस्त महीने में वोटर लिस्ट में नव मतदाताओं के नाम जुड़वाना प्रमुख हैं। कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, विलोपित करने व त्रुटि सुधार संबंधी प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई.साथ ही केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ ले रहे लाभार्थियों का सम्मेलन करना व उन्हें पार्टी से जोड़ना विधानसभा स्तर पर नव मतदाता सम्मेलन करने जैसे कार्यक्रम सुनिश्चित किए गए. चुनाव में कांग्रेस सरकार को घेरने के लिहाज से इस महीने पार्टी कुछ प्रमुख मुद्दों को लेकर सड़क पर उतरने की तैयारी में भी है. जिसमें सबसे पहला बड़ा प्रदर्शन अमानक स्तर के वर्मी कंपोस्ट खरीदने हेतु कृषकों को बाध्य किए जाने के मुद्दे को लेकर 8 अगस्त 2023 मंगलवार को जिला मुख्यालय कवर्धा में निर्धारित हुआ है. जिला भाजपा के निर्देशन में किसान मोर्चा के बैनर तले होने वाले इस किसान प्रदर्शन के लिए जिले भर से जुटने वाले किसान दोपहर 2 बजे भारत माता चौक में एकत्रित होंगे. जहां एक विशाल सभा का आयोजन किया गया है, सभा के पश्चात कलेक्ट्रेट घेराव किए जाने के कार्यक्रम हेतु मंडलों की सहभागिता भी तय की गई . इन बैठकों में गोपाल साहू, क्रांति गुप्ता, जल्लू साहू, कल्याण ठाकुर, विस्तारक हुकुम सिंह, अजीत चंद्रवंशी, चंद्र कुमार सोनी, नवल पांडे,भुनेश्वर चंद्राकर, मुकेश ठाकुर, सुखदेव धुर्वे, रतिराम भट्ट, परमेश्वर चंद्रवंशी, नीलांबर नायक, गजपाल साहू, रामस्वरूप साहू, बालाराम चंद्रवंशी, तुकेश चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में बीएलए और पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे.।

# कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने 50 ग्रामों के सीसी रोड कार्य के लिए किया भूमिपूजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 6 अगस्त।** प्रदेश के वन, परिवहन, आवास एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री और कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने कबीरधाम जिले के समुचित विकास के लिए 03 करोड़ 26 लाख 50 हजार रुपए की लागत से कृषि उपज मंडी समिति कवर्धा में मंडी क्षेत्र अंतर्गत 50 ग्राम पंचायतों के लिए सीसी रोड कार्यों की सौगात दी है। मंत्री अकबर ने इस सड़क निर्माण कार्य के लिए विधिवत भूमिपूजन कर निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। इस बड़ी सौगात के लिए कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायतों के पंच, सरपंच, सचिवों एवं नागरिकों ने मंत्री श्री अकबर के प्रति आभार प्रकट किया है। इस अवसर पर कन्हैया अग्रवाल, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू, कांग्रेस जिला महामंत्री मोहम्मद कलीम, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा, उपाध्यक्ष जमील खान, कवर्धा शहर महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमती रानू दुबे, श्रीमती नारायणी , पार्षद अशोक सिंह, पार्षद सुनील साहू, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।कैबिनेट मंत्री श्री अकबर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश में यहां के लोगों और प्रदेश के समुचित विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। सीसी रोड निर्माण के लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से लेकर आमजनों ने मांग की थी। उन्होने कहा कि इस क्षेत्र के विधायक होने के नाते जनभावनाओं को पूरा करने के लिए लोगों की मांगों को पूरा करने का हर संभव प्रयास कर रहे है। उन्होने कहा कि क्षेत्र के जन उपायोगी मांगों को हम हर संभव पूरा करने का आगे भी पूरा प्रयास करते रहेंगे। आगे भी इसी तरह क्षेत्र के समुचित विकास के लिए सब मिलजुलकर प्रयास करते रहेंगे। सीसी रोड निर्माण कार्य की भूमिपूजन होने से लोगों में सरकार के प्रति एक विश्वास जागा है। सड़क निर्माण होने से क्षेत्र में आवागमन की सुविधाएं बढेंगी।केबिनेट मंत्री अकबर ने क्षेत्र के विकास के लिए 3 करोड़ 26 लाख 50 हजार रूपए की बड़ी सौगात दी। भूमिपूजन ग्रामों में ग्राम खड़ौदा खुर्द, खजरी कला, सिलहाटी, दौजरी, जरती, सुरजपुरा, लालपुर कला, मडमडा, नबघटा, लालपुर कला, मोहगांव, कोठार, घुघरीखुर्द, सोनबरसा, सिघनपुरी, कोदवा, बटुरा कछार, नवगांव गुलालपुर, चंदैनी, बांधा टोला, छोटूपारा ,विचारपुर, नूंनछपार, मक्के, नयापारा, मन्नाबेदी, बांधा, पथर्रा ,मिरमिट्टी, धरमपुरा, भेदली, छिरहा, मरपा, जमुनिया, जेवडन खुर्द, प्रभा टोला, मजगांव, कुटेली, लखनपुर, सोनपुरी, भीमपुरी, तिलईभाट, छपला, भेंडरा, बिगार भर्री, लेंजाखार, खैरबना कला, महाराजपुर, बेदरची और नवागांव (सरोधी) शामिल है।

## विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए हर संभव मदद दी जाएगी: चौबे

**दुर्ग, 6 अगस्त।** स्कूल शिक्षा, सहकारिता, जलसंसाधन, पशुपालन, मछली पालन, पंचायत एवं आयकाट विभाग के केबिनेट मंत्री श्री रविन्द्र चौबे के करकमलों से स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम उच्चतर विद्यालय, धमधा जिला दुर्ग के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि श्री चौबे एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना तथा दीप प्रज्वलन के साथ उद्घाटन का कार्य संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुए मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने धमधावासियों को बधाई दी तथा क्षेत्र के विकास हेतु तथा विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए हर संभव मदद देने बाते कही। उन्होंने कहा कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना के द्वारा निजी विद्यालयों के समान उत्कृष्ट शिक्षा, अधोसंरचना तथा सुविधाएं समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को भी उपलब्ध कराना छ.ग. शासन की इस योजना का उद्देश्य है। उन्होंने अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को स्थानीय बोली तथा परंपराओं को अध्यापन एवं क्रियाकलापों में शामिल करने पर बल दिया। ताकि बच्चे हमारी संस्कृति एवं स्थानीयता पर बच्चे गर्व कर सके।

## एक नजर

### दामाद और ससुर से तीन बदमाश 500 रुपए छीनकर भागे

**भिलाई 6 अगस्त।** छावनी थाना क्षेत्र गत दिनों नंदिनी रोड स्थित अंग्रेजी शराब दुकान में शराब खरीदने पहुंचे दमाद और ससुर के साथ तीन बदमाश रुपए छीनकर भाग गए। रिपोर्ट पर छावनी पुलिस इस मामले में आरोपी कुलदीप, बुल्लु, कैलाश के खिलाफ धारा 392 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है छावनी पुलिस ने बताया कि कैम्प-1 सुंदर नगर निवासी मो.नौसाद (30वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि गत दिनों शाम 6.30 बजे अपने ससुर के साथ अंग्रेजी शराब भट्ठी नंदिनी रोड शराब खरीदने गया था। काउंटर से अपने हाथ में 500 रुपए रखकर शराब खरीद रहा था। तभी पीछे से एक लड़के ने 500 रुपए छीनकर भागा तो प्रार्थी का ससुर उसे पकड़ने लगा तब उसके दो अन्य साथी आए और तीनों ने मिलकर प्रार्थी के ससुर को धक्का देकर उसके पेंट के दाहिने जेब से 24 हजार 5 सौ रुपए छीनकर सेक्टर-11 स्वीपर मोहल्ले तरफ भाग गए।

### अज्ञात चोर ने एटीएम की बैटरी और यूपीएस किया चोरी

**भिलाई 6 अगस्त।** छावनी थाना क्षेत्र दरम्यानी रात अज्ञात चोर ने एटीएम में घुसकर कैमरे को क्षतिग्रस्त पहुंचाने के बाद बैटरी और यूपीएस चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 380, 427, 457 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है छावनी पुलिस ने बताया कि एच.आई.जी 27, पदमाभपुर दुर्ग निवासी आलोक सोंधी(44 वर्ष) इंडिया 1, पेमेन्टस लिमिटेड कंपनी द्वारा दुर्ग जिले में विभिन्न एटीएम में कैश लोडिंग का कार्य करता है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 2 अगस्त की सुबह 11बजे मैनेजर यशवंत यादव ने फोन कर बताया कि उसके मोबाइल मे किसी व्यक्ति का फोन आया। कहा कि कैम्प 01 शास्त्री नगर में स्थित एटीएम काम नहीं कर रहा है और चोरी का संदेह है। जानकारी मिलने पर प्रार्थी मैनेजर के साथ शास्त्री नगर मुक्तिधाम रोड, बी.एम.शाह अस्पताल के सामने कैम्प 01 स्थित एटीएम गया तो देखा कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने मध्य रात्रि में खुले स्थान में लगे एटीएम में घुसकर एटीएम में लगे कैमरा एवं एटीएम की बाडी को क्षतिग्रस्त कर एटीएम में लगे बैक रूम का ताला तोड़कर वहां रखे एटीएम की बैटरी एवं यूपीएस के केबल को काटकर बैटरी एवं यूपीएस को चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### सूने मकान से चोरों ने जेवरात किए पार

**भिलाई 6 अगस्त।** खुर्सीपार थाना अंतर्गत बीती रात अज्ञात चोर ने जमीन कारोबारी के सूने मकान के पीछे दरवाजे से घुसकर किसी औजार से ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात व नगदी चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 380,457 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि दीनदयाल पुरम न्यु खुर्सीपार निवासी लक्ष्मीनारायण अग्रवाल जमीन कारोबार का कार्य करता है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 4 अगस्त की शाम 7 बजे अपनी पत्नी व पुत्र के साथ पारिवारिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने छोटे भाई के घर खुर्सीपार गया था। पारिवारिक कार्यक्रम के दौरान अत्यधिक रात्रि होने से भाई के घर में रुके थे। आज सुबह 6बजे परिवार सहित वापस घर आकर देखा तो घर के दुसरे माले की कमरे में सामान अस्त- व्यस्त था। लोहे की आलमारी तीन नग खुला हुआ था। आलमारी में रखे सोने की चेन 1 तोला, एक सोने की अंगूठी, चांदी के सिक्के तीन नग, चांदी की पूजा सामाग्री,4700 रुपए नगद,घर के दुसरे रूम में रखे दो आईफोन,एक हाथ घड़ी,एक टेबल घड़ी,कुछ जरुरी दस्तावेज,कुछ कपड़े अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है।

### गौठान में पशुओं के लिए हरा चारा दान करने की अपील



**भिलाईनगर 6 अगस्त।** निगम भिलाई गौठान में रोका छेका योजना के अंतर्गत छोड़े जा रहे आवारा मवेशियों के लिए चारे की व्यवस्था के साथ शेड में पल रहे है। निगम के राजस्व अमला तीन काउ-कैचर वाहन के साथ सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में भ्रमण कर सड़क पर बैठकर यातायात को बाधित करने वाले आवारा पशुओं को सड़क, बाजार एवं मोहल्लों से एकत्र कर गौठान में छोड़ रहे है।

शासन की योजना रोका छेका का अभियान निगम क्षेत्र में बदस्तुर जारी है, निगम का अमला राष्ट्रीय राजमार्ग, नेहरू नगर, जुनवानी, कोहका, पावर हाउस नंदनी रोड टाउनशिप क्षेत्र में घुम रहे मवेशियों को काउ-कैचर के माध्यम से हरा चारा के साथ गौठान छोड़ा जा रहा है। निगम आयुक्त रोहित व्यास , शासन की योजना रोका छेका का शतत् निगरानी कर रहे है। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी के निर्देश में चल रहे इस अभियान के नोडल अधिकारी अनिल सिंह सहायक अभियंता ने बताया की शहर से पकड़े जा रहे गाय एवं सांड को गौठान में रखा जा रहा है। निगम प्रशासन ने क्षेत्र के समाज सेवी संस्थो तथा आम नागरिकों से अपील किया है कि सेवा कार्य के लिए गौठान में हरा चारा दान कर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

## समाचार संक्षेप

### गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के जन्मदिन पर बधाइयों का तांता



**भिलाई 6 अगस्त।** सुबह से ही छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के जन्मदिन के अवसर पर बधाइयों का तांता लगा रहा है । गांव गांव से लोग , कार्यकर्ता , दुर्ग ग्रामीण और बेमेतरा जिले से भी कार्यकर्ता और जन प्रतिनिधि ने गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को जन्मदिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए दिखे । शकुंतला ग्रुप ऑफ स्कूल के डायरेक्टर ने गुलदस्ता भेंटकर गृहमंत्री को जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी । पार्षद जहीर अब्बास सहित कार्यकर्ताओ ने भी बधाई देते हुए कहा की बाबू जी आप जियो हजारों साल ।



नेत्रहीन बच्चो का कार्यक्रम सिविक सेंटर भिलाई।

### मंत्री अकबर ने कुम्भकार व वैष्णव समाज सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया



**कवर्धा 6 अगस्त।** कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने आज 10-10 लाख की लागत से निर्मित कुम्भकार व वैष्णव समाज सामुदायिक भवन का लोकार्पण कर समाजिक बंधुओं को बधाई व शुभकामनाएं दिये। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने बताया कि कवर्धा शहर के समाज प्रमुखों के मांगो को दृष्टिगत रखते हुए कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक मो.अकबर ने कुम्भकार व वैष्णव समाज के अलावा नाथ योगी समाज, निषाद समाज, पाली समाज, मलहा समाज, लोधी समाज, सेन समाज, नामदेव समाज, कडरा समाज सहित अन्य सर्व समाज के लिए सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान किया गया है सभी समाज के सामुदायिक भवन निर्माण हेतु दस दस लाख रू. की स्वीकृति प्रदान किया गया, जिसमें से कई सामाजिक सामुदायिक भवन पूर्ण हो गये है तथा कैबिनेट मंत्री मो.अकबर द्वारा लोकार्पण भी किया जा रहा है। कैबिनेट मंत्री .अकबर जी द्वारा कवर्धा प्रवास के दौरान कुम्भकार व वैष्णव समाज सामुदायिक भवन लोकार्पण कर समाज के प्रमुखों को नये भवन के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी।

### सावन मास के उपलक्ष्य पर किया पौधरोपण



**भिलाई 6 अगस्त।** पंडित रविशंकर शुक्ल मार्केट पावर हाउस वार्ड 38 में सावन मास के उपलक्ष्य पर तथा 5 अगस्त अयोध्या राम मंदिर शिलान्यास को राष्ट्रीय स्वाभिमान दिवस के रुप में मनाते हुए व्यापारियों द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने हेतु मार्केट की दुकानों के सामने तथा बस स्टैंड से लगे स्थलों पर बुजुर्ग हो चुके मार्केट के वरिष्ठ व्यापारी बिमल कृष्ण शील, दर्शन सिंग, संतोष मनी के हाथों से नीम , बादाम,अमरूद के पौधे रोपे गए एवं इस दौरान तुलसी, शुगर , बाबासीर बिमारी में उपयोग आने वाले पौधे , गुलाब गेंदा फूल सहित 32 पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया । पौधे के सुरक्षा का इंतजाम करते हुए व्यापारियों के द्वारा बनवाए गए ट्री गार्ड के साथ फेंसिंग तार लगाने का भी कार्य किया गया। आयोजन के इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता एवं पंडित रविशंकर शुक्ल मार्केट के पूर्व व्यापारी संघ अध्यक्ष सुमन शील ने बताया कि वर्तमान में मानव जीवन पर पर्यावरण प्रदूषण सबसे बड़ा संकट बनकर आया है। ऐसे में आने वाली पीढ़ी के लिए पर्यावरण को अनुकूल बनाने में हर व्यक्ति को अपने आसपास एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए। मानव और पर्यावरण एक दूसरे के पूरक हैं , जिसको ध्यान में रखते हुए जिला के कलेक्टर द्वारा लोगों से पेड़ लगाने का आह्वान किया गया है । इस मौके पर कोल्ला राजू , डिपिन लाड, राजू गुप्ता, नरेश विश्वकर्मा , नरेंद्र मोहड़ , बब्बू ,पोटिया राव , दलजीत सिंह , निर्मल पुष्कर , बिरजू साहू , शशि नायर , मोहन रेड्डी , पप्पू , दिलीप विश्वकर्मा , विनोद शर्मा , रामचंद्र विश्वकर्मा , बादल पारडे,राकेश प्रधान , विनय , रहबर खान, गोपी, गुडडू , अल्ताभ सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे है।

### भिलाई में खुलेगी आधुनिक लाइब्रेरी तक्षशीला

**भिलाईनगर 6 अगस्त।** संभाग स्तरीय युवाओं से भेंट मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भिलाई की बहुप्रतिक्षित इंडोर स्टेडियम व तक्षशीला परिसर की घोषणा करके भिलाई के युवाओं को बड़ी सौंगात दी है। स्वामी विवेकानंद टेक्निकल यूनिवर्सिटी में सेंटर आफ एक्सीलेंटस की स्थापना की जाएगी। 15 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस संस्थान में स्टार्टअप यूनिट्स के लिए जगह भी होगी और लैब भी होगा। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि युवाओं के बौद्धिक विकास एवं खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने रायपुर के नालंदा परिसर की तर्ज पर भिलाई में बच्चों के लिए तक्षशीला परिसर का निर्माण किया जायेगा । परिसर में ई-लाइब्रेरी एवं कला सृजन को बढ़ावा देने के अवसर बच्चों को प्राप्त होगा। एक हजार बच्चो के बैठने की क्षमता वाले तक्षशीला भवन का निर्माण जी.ई.रोड के किनारे किया जावेगा। 21 करोड़ की लागत से बनने वाले इस भवन में हर एक बच्चे के लिए पार्टिशन कक्ष होगा।

## एक नजर

### चंद्रगिरि डोंगरगढ़ में आचार्यश्री के ससंघ सानिध्य में पहली दीक्षा हुई



**डोंगरगढ़ 6 अगस्त।** छत्तीसगढ़ मूकमाटी रचयिता आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज के कर कमलों से चंद्रगिरी तीर्थ क्षेत्र डोंगरगढ़ (छ.ग.) मे प्रथम बार दीक्षा संपन्न हुई। 98 वर्षीय श्रावक वालचंद जी संघवी बारामती निवासी (पूना) अपने सल्लेखना के पथ पर विगत 1ड्ट माह से गुरु चरणों में साधना रत है7 आज दोपहर 2.30 बजे 5 अगस्त शनिवार को गुरुदेव ससंघ सानिध्य मे यह मांगलिक कार्यक्रम संपन्न हुआ व क्षुल्लक जी के लिए कमंडल कटोरा (चांदी का) व परिमार्जन हेतु हथकरघा का मुलायम कपड़ा प्रदान किया गया7 उपस्थित जनों ने आचार्य श्री का जयकारा के साथ नये छुल्लक ¬ 105 श्री आहलादसागर की जय बोलकर इस पवित्र कार्य की अनुमोदना की। अध्यक्ष सेठ सिंघई किशोर जैन एवं सभी ट्रस्टीयो ने हार्दिक शुभकामनाएं दी 7 उक्त जानकारी चंदगिरि के ट्रस्टी निशांत जैन (निशु) ने दी।

### जिला पंचायत सीईओ ने की विकास कार्यों की समीक्षा



**राजनांदगांव 6 अगस्त।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अमित कुमार ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी और खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। सीईओ जिला पंचायत ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पंचायत सेक्टर सहित अन्य विकास कार्यों के प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। बैठक में नोडल अधिकारी पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी और खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, तीनों जिले के सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, विकास विस्तार अधिकारी, करारोपण अधिकारी एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अनुविभागीय अधिकारी सहित अन्य जिला पंचायत अधिकारी उपस्थित थे।

### कांग्रेसियों ने विश्रामगृग में महेंद्र कर्मा की जयंती मनाई



**छुरिया 6 अगस्त।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में स्थानीय विश्राम गृह में स्वर्गीय महेंद्र कर्मा की जयंती मनाई गई उनके चित्र पर पूजा अर्चना कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई स्वर्गीय महेंद्र कर्मा जी के द्वारा छत्तीसगढ़ एवं बस्तर के लिए किए गए कार्यों को याद करते हुए उनके सपनों का छत्तीसगढ़ बनाने का संकल्प सभी कांग्रेसियों के द्वारा लिया गया ,इस अवसर पर खुज्जी विधानसभा के विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रितेश जैन, जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री विपिन यादव, जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता राहुल तिवारी, नगर पंचायत के अध्यक्ष सुनील लरोकर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी सिन्हा, पार्षद सलमान खान, एल्डरमैन शकील कुरेशी, जिला आदिवासी सेल के अध्यक्ष लादूराम तुमरेकी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का महामंत्री संजीव गुप्ता, जनपद सदस्य कन्हैया कोले, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सचिव अमित अग्रवाल, युवा नेता मोहसिन खान, वरिष्ठ नेता जावेद मेमन,देवधर सिन्हा सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मैस्कॉट कार्टून कैरेक्टर, लोगो, स्लोगन और जिंगल प्रतियोगिताओं के लिए प्रविष्टि 12 अगस्त तक

**धमतरी 6 अगस्त।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। मुख्य कार्यपालन अधिकार और स्वीप जिला नोडल अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव ने बताया कि मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसके लिए आगामी 12 अगस्त के पहले प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं।

# छत्तीसगढ़ सरकार युवा ऊर्जा को सही दिशा देने के लिए काम कर रही:सीएम



**रायपुर, 6 अगस्त।** युवाओं से भेंट-मुलाकात के दौरान युवा मुझे बताते है कि उन्हें कोडिंग आती है, एप बनाना आता है। हमारी पीढ़ी के लोगों को यह बात चकित कर सकती है, लेकिन आज की सच्चाई यही है। तकनीकी रूप से हम बहुत आगे बढ़ चुके है और इसका दायरा भी बढ़ रहा है। छोटे शहरों, कस्बों से लेकर गांवों तक युवा नई तकनीक के बारे में लगातार अपडेट रहते है और स्मार्टली सारे काम करते है। यह खुशी की बात है कि कोड-ए-थान के इस कार्यक्रम में आज स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल के 6 बच्चों को सम्मानित किया गया है। शासकीय स्कूल के बारे में पहले ऐसी कल्पना करना कठिन था। मैं सम्मानित सभी बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज शाम राजधानी रायपुर के निजी होटल में हिन्दुस्तान टाईम्स समूह द्वारा आयोजित 'कोड-ए-थान' कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि स्वामी आत्मानंद तथा स्वर्गीय डॉ. चन्दूलाल चन्द्राकर के श्री घनश्याम दास बिड़ला के साथ अच्छे संबंध रहे है। यही कारण है कि बिड़ला समूह से मेरा भावनात्मक जुड़ाव है। हमारे प्रिय स्वर्गीय डॉ. चंदूलाल चंद्राकर ने हिन्दुस्तान टाईम्स अखबार में अपनी सेवाएं दी थी। इसी तरह स्वामी आत्मानन्द जी भी बिड़ला हाउस में प्रतिवर्ष उपनिषद पर व्याख्यान देने जाते थे। श्री बघेल ने कहा कि कोड-ए-थान के माध्यम से युवाओं को नई तकनीक को जानने और समझने का अवसर मिला है। वर्तमान समय में इसकी आवश्यकता अधिक बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि युवा ऊर्जा के सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने से बड़ी से बड़ी उपलब्धि आसानी से हासिल होती है और यह उपलब्धि व्यक्तिगत नहीं बल्कि समाज, प्रदेश व देश के लिए होती है। प्रदेश के युवाओं में असीम ऊर्जा है। केवल उसे सही दिशा देने की आवश्यकता है। मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार युवा ऊर्जा को सही दिशा देने के लिए लगातार काम कर रही है। हमारी सरकार शिक्षा के मंदिर अर्थात स्कूलों के जीर्णोद्धार के लिए अलग से 1100 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया है। अंग्रेजी में शिक्षा के लिए 350 से अधिक स्वामी आत्मानंद शासकीय स्कूल खोले गए है। मुख्यमंत्री ने तकनीक के अच्छे व बुरे प्रभावों के बारे में भी अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि इसका सही उपयोग देश को आगे बढ़ने में मदद करेगा, लेकिन इसके दुष्प्रयोग से भयावह परिणाम हो सकते है। उन्होंने कहा कि हम प्रदेश के युवाओं को केवल कक्षा 12वीं तक ही अंग्रेजी माध्यम में शिक्षित नहीं करना चाहते बल्कि उन्हें अंग्रेजी में उच्च शिक्षा देने के लिए 10 अंग्रेजी महाविद्यालय खोलने का भी निर्णय लिया है। सम्बोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने स्वामी आत्मानंद स्कूल के अस्तित्व में आने की पूरी कहानी बच्चों से साझा की। कोड-ए-थान कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री और स्कूली छात्राओं के बीच संवाद हुआ और उन्होंने बच्चों के जिज्ञासाओं के जवाब भी दिए। स्वामी आत्मानंद स्कूल के छात्र द्वारा शिक्षा और रोजगार को लेकर सवाल पूछने पर मुख्यमंत्री ने बताया कि शिक्षा और रोजगार साथ साथ चलते है, शिक्षा और रोजगार सबको मिलना चाहिए। लेकिन एक बात जरूरी है कि शिक्षा लेकर रोजगार की तरफ बढ़ने से आप अधिक बेहतर परिणाम दे सकते है।

## महापौर ने किया लखोली बैगापारा में मुक्तिधाम जीर्णोद्धार का भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 6 अगस्त।** शहर विकास की कडी में निगम सीमाक्षेत्र वार्डो में नगर निगम द्वारा विकास कार्य कराये जा रहे है इसी कडी में आज महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने राज्य प्रवर्तित योजनांतर्गत 29.20 लाख रूपये की लागत से लखोली बैगापारा वार्ड नं. 33 में मुक्तिधाम जीर्णोद्धार कार्य का भूमिपूजन पूजा अर्चना कर श्रीफल फोड कर किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में बाजार विभाग की प्रभारी सदस्य व वार्ड पार्षद श्रीमती दुलारी बाई साहू, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री सतीश मसीह,भागचंद साहू,विनय झा, पार्षद प्रतिनिधि श्री दीनू साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में वार्डवासियो ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा मुक्तिधाम जीर्णोद्धार कार्य का पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि नगर निगम द्वारा शासन से स्वीकृत राशि से मूलभूत सुविधा रोड, नाली, बिजली, पानी के अलावा अन्य



विकास कार्य भवन, उद्यान, मुक्तिधाम, सौंदर्यीकरण आदि कार्य कराये जाते है, इसी कडी में राज्य प्रवर्तित योजनांतर्गत स्वीकृत 29.20 लाख रूपये की लागत से बैगापारा मुक्तिधाम उन्नयन के लिये भूमिपूजन किया जा रहा है। इसके तहत सीमेन्ट कांक्रिटिंग रोड एवं बाउण्ड्रीवाल का निर्माण किया जायेगा। इसी प्रकार के विकास कार्य वार्ड में प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। इस अवसर पर उप अभियंता सुश्री पिंकी खाती सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

### कलेक्टर के निर्देश पर घुमंतू पशुओं के गले में बांधी जा रही रेडियम बेल्ट

**धमतरी 6 अगस्त।** कलेक्टर श्री ऋतुराज रघुवंशी ने सड़क पर मवेशियों को खुला छोड़ने वाले पशु पालकों पर कार्यवाही करने और अर्थदंड लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। साथ ही सड़क पर घुमंतु पाए गए पशुओं के गले में रेडियम बेल्ट बांधने कहा, ताकि रेडियम बेल्ट अंधेरे में लाइट पड़ने पर से चमके और वाहन दुर्घटनाओं से बचा जा सके। इसके मद्देनजर पशुपालन विभाग द्वारा लगातार घुमंतु पशुओं के गले में रेडियम बेल्ट बांधा जा रहा है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. बघेल ने बताया कि आज रूद्री रोड में घुमंतु पशुओं के गले में रेडियम बेल्ट बांधा गया।

### विश्व आदिवासी दिवस मनाया



**कलकसा 6 अगस्त।** गोंड़ समाज तहसील इकाई डोंगरगढ़ में 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाएगा।मणिपुर की हिंसा को देखते हुए । इस वर्ष कार्यक्रम में कोई नृत्य गान , रेला पाटा , रंगा रंग कार्यक्रम नही होगी । उस दिवस सुबह 9 बजे रानी दुर्गावती प्राँगण छीरपानी में इकट्ठा होकर 12 बजे से आक्रोश रैली निकाला जाएगा जो मंदिर प्राँगण से जयस्तंभ , रेल्वे स्टेशन , बुधवारी पारा , गोलबाजार , बैगा बाबा , बैगिन दाई की सेवा अर्जी करते हुए गोंडवाना चौक जनपद पंचायत के सामने सभा का आयोजन उसके पश्चात महामहिम राष्ट्पति , राज्यपाल के नाम से एस डी एम साहब को एक ज्ञापन सौंपा जाएगा । तहसील इकाई डोंगरगढ़ के अध्यक्ष संतोष पडौती , उपाध्यक्ष नरोत्तम कुंजाम , एम एल धुर्वे , राजेश नेताम , प्रवीण मण्डावी , भीषम ठाकुर ने एक सँयुक्त विज्ञप्ति में तहसील , मुड़ादार क्षेत्र के स्वजातीय गणों से अपील किया जाता है , कि सभी अपने वेशभूषा में तैयार हो कर अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील किया जाता है।

### विद्यालयों में कसावट लाने के उद्देश्य से डोंगरगढ़ विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने ली समीक्षा बैठक

**कलकसा/डोंगरगढ़ 6 अगस्त।** विद्यालयों में कसावट लाने एवं शैक्षणिक स्तर को उत्कृष्टता प्रदान करने के उद्देश्य से विकास खंड शिक्षा अधिकारी महोदय एफ.आर.कोसरिया द्वारा समस्त संकुल समन्वयकों की एजेण्डावार समीक्षा बैठक दिनांक 04.08.2023 को कोचिंग सेंटर डोंगरगढ़ में ली गई ,जिसके अंतर्गत उन्होंने मध्याह्न भोजन योजना, सरस्वती सायकल योजना, छात्रवृत्ति योजना, निःशुल्क पाठ्य-पुस्तक एवं गणवेश वितरण, मुख्यमंत्री जतन योजना अंतर्गत निर्माण कार्यों की समीक्षा,महतारी दुलार योजना,छात्र दुर्घटना बीमा योजना, इंस्पायर अवार्ड हेतु पंजीकरण, जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं की शत् प्रतिशत नियमित उपस्थिति, स्वच्छता एवं सुरक्षा,एफ.एल.एन., समन्वयकों द्वारा शाला अवलोकन ,उच्चाधिकारियों द्वारा शाला निरीक्षण, आई फ्लू एवं अन्य मौसमी बुखार एवं जहरीले कीड़े मकोड़ों से बचाव हेतु सावधानी आदि प्रमुख विषयों के अलावा विकास खंड शिक्षा अधिकारी महोदय ने अन्य कई महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए शाला स्तर पर गंभीरता पूर्वक क्रियान्वित करने के दिशा निर्देश दिए गए । साथ ही उन्होंने हाई/ हायर सेकंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा ,जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, एकलव्य एवं प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विकास खंड स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह/कार्यक्रम आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया । बैठक में सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार भारद्वाज, श्रीमती विरेन्द्र कौर गरचा एवं सभी संकुल समन्वयकों की शत् प्रतिशत उपस्थिति रही।

## प्रतिबंधित प्लास्टिक उपयोग करने पर कार्रवाई करने निगम की टीम पहुंची गुडाखू लाइन फल मार्केट

**राजनांदगांव 6 अगस्त।** सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाये जाने कार्यवाही पर नगर निगम सख्ती बरत रही है और प्रतिदिन अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग पर कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज प्रतिबंधित प्लास्टिक का विक्रय करने एवं उपयोग करने वाले गुडाखू लाईन फल मार्केट के 13 दुकानदारों पर कार्यवाही करते हुये 1 हजार 8 सौ रूपये जुर्माना वसूल कर आधा पाव पालीथिन जप्त करने की कार्यवाही किये। उल्लेखनीय है कि पर्यावरण संरक्षण एवं प्रत्येक व्यक्ति व पशु-पक्षियों को प्लास्टिक के नुकसान से बचाने शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध करने कडे कदम उठा रही है। शासन के मंशानुरूप नगर निगम द्वारा भी प्रतिदिन अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है।

निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने प्लास्टिक से होने वाले नुकसान पर कहा कि आज प्लास्टिक पर्यावरण को नुकसान पहुॅचाने के साथ साथ मानव जीवन सहित जीव जन्तु के स्वास्थ्य पर सीधा प्रभाव डाल रहा है, नुकसान से बचाने शासन द्वारा इसके विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। शासन मंशानुरूप नगर निगम का स्वास्थ्य अमला शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय नहीं करने प्रतिदिन समझाईस दे रहे है, समझाईस उपरांत विक्रय व उपयोग करते पाये जाने पर कडी कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही की कडी में गुडाखू लाईन फल मार्केट के 13 दुकानदारों में



किशन किराना स्टोर्स से 3 सौ रूपये, किशेर फल दुकान, नानक फल दुकान, अमित फल दुकान से 2-2 सौ रूपये एवं शंकर प्राविजन, राम पान मसाला, कमल फल दुकान, रमेश सेन्ट दुकान, रामा ट्रेडर्स, रामचंद साहू फल दुकान, मोहबीया दुकान, राजेन्द्र मिष्ठान व शिव होटल से 1-1 सौ रूपये इस प्रकार कुल 1 हजार 8 सौ रूपये अर्थदण्ड वसूला गया एवं आधा पाव प्रतिबंधित प्लास्टिक जप्त की गयी। उक्त अभियान प्रतिदिन जारी रहेगी। आयुक्त श्री गुप्ता ने सभी व्यापारियों से अपील करते हुये कहा कि अपने प्रतिष्ठानों की नियमित साफ-सफाई रखे एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का विक्रय व उपयोग न करे तथा सडे गले फल व खाद्य पदार्थो का विक्रय न करे।

## भाजपा मंडल ने कोठीटोला से शुरू की सड़क खोजो चिखला पदयात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 6 अगस्त।** डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के भाजपा मंडल लालबहादुर नगर के द्वारा खोजो पदयात्रा आरंभ शनिवार को कोठीटोला से प्रारंभ कर कारुटोला, आलेदण्ड, मोहनपुर में समापन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप 1 से प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, प्रदेश पदयात्रा में प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के साहू, रामाधार ओझा, रमेश उइके, चैन सिंह साहू, मनोहर अध्यक्ष भरत वर्मा, पूर्व जिला सोनवानी, धर्मेंद्र वर्मा, इंदरपाल सिन्हा, विकास देवांगन, जसवीर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी, भाटिया, चंद्रप्रकाश देशमुख, चौहान, मुकेश साहू, तेजस साहू, भाजपा जिला महामंत्री रविंद्र शत्रुहन वर्मा, घनश्याम यादव, ओमराज कंवर, रोहित साह, वैष्णव, उपाध्यक्ष गिरवर साहू, ढालचंद मेश्राम, सुनील चंद्रवंशी, ओमराज कंवर, नरेंद्र वर्मा, युकुमार महामंत्री रामाधीन देवांगन,



किसान दिलीप चंद्रवंशी, संदीप सिन्हा, कंवर, कृष्णा दमाहे, देवेन्द्र दमाहे, मोर्चा अध्यक्ष टामेश्वर साहू, राजकुमार ताम्रकार, चुन्नी यदु रविंद्र कापसे, आंबे निषाद, पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष रोशन साहू, राजा जैन, हेमलाल वर्मा, जितेन्द्र नारायण साहू, शुकचंद कंवर, पुन देवेन्द्र साहू, डॉ. निरेन्द्र साहू, युवा साहू, घनश्याम साहू, मूलचंद साहू, कंवर, रमेशर कवर सहित बड़ी मोर्चा अध्यक्ष भोजराज वर्मा, उदन मंडावी, थानवर मंडावी, शिव संख्या में भाजपा कार्यकर्ता अशोक वर्मा, देवेन्द्र यादव, कोमल लहरे, सावंत नंदेश्वर, कैलाश उपस्थित थे।

### कांग्रेस ने पटाखे फोड़ मनाई खुशी



**डोंगरगढ़ 6 अगस्त।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा गुजरात हाईकोर्ट के राहुल गांधी को दिए गए 2 वर्ष की सजा पर रोक लगाने के फैसले का स्वागत करते हुए इस निर्णय को लोकतंत्र की जीत बताते हुए कांग्रेस जनों द्वारा रेलवे चौक में पटाखे फोड़ कर खुशी मनाई गई इस दौरान ब्लाक शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजीव गोमास्ता नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम धीरज मेश्राम संध्या देशपांडे रिम्मी भाटिया मेश्राम प्रमोद टेम्भुर्णीकर भारत भूषण मेश्राम रुपचंद खोबरागड़े बलदेव यादव चुमन साहू मतीन खान नरेश करसे अकिल कुरैशी शेख इजरायल फिलिप जोसफ भूपेंद्र यादव रोहित साहू रवि ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## चिकित्सालयों में एक्सपायरी खाद्यान्न सामग्री का उपयोग नहीं होना चाहिए:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 6 अगस्त ।** कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने कलेक्टोरेट शक्ति कक्ष में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि शासकीय चिकित्सालयों में मरीजों को दिए जाने वाले नाश्ता एवं भोजन पूरी शुद्धता के साथ दें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही एवं शिकायत नहीं होनी चाहिए। चिकित्सालय में बनाए जा रहे नाश्ता एवं भोजन की गुणवत्ता की नियमित जांच होनी चाहिए। इसमें किसी भी एक्सपायरी तिथि वाली खाद्यान्न सामग्री का उपयोग नहीं होना चाहिए। उन्होंने इसके लिए टीम बनाकर नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने हृदय रोगी मरीजों के लिए जिला चिकित्सालय में एक सप्ताह के भीतर इकोकॉर्डियोलॉजी शुरू करने के निर्देश सिविल सर्जन को दिए। उन्होंने कहा कि इसके शुरू होने से हृदय रोग के मरीजों की जांच होगी और ईलाज कराने में सुविधा होगी। इसके साथ ही जिला चिकित्सालय में निश्चेतना विशेषज्ञ और पैथोलॉजी अटेंडेंट रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत चालानी



कार्रवाई में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सभी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अग्रेजी माध्यम स्कूल एवं कॉलेज के आस-पास तंबाकू से संबंधित सामग्री बेचने वाले दुकानों पर चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि टीबी मुक्त जिला बनाने के दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। जिले में चिन्हांकित टीबी के मरीजों को पोषण आहार एवं दवाईयां दी जा रही है। कलेक्टर श्री सिंह ने जिले के सभी शासकीय संस्थाओं, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों को निक्षय मित्र बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने टीबी के मरीजों की मॉनिटरिंग के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विकासखंड चिकित्सा अधिकारी को अपने क्षेत्र के टीबी के मरीजों की काउंसिलिंग कर सुधार की स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निक्षय मित्र पोषण आहार से स्वस्थ हो चुके टीबी के मरीजों को ग्राम सभा में सम्मानित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि जिले में प्रत्येक गुरूवार को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष महाअभियान चलाया जाता है। जिन व्यक्तियों की मृत्यु हो गई उनका नाम सूची से हटा दिया जाए। उन्होंने कहा कि 10 अगस्त गुरूवार को जिले के सभी शासकीय एवं निजी स्कूलों एवं कॉलेजों के छूटे हुए बच्चों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। इसकी पूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों का आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाया है उन बच्चों को चिन्हांकित कर 10 अगस्त को आयुष्मान कार्ड बनाया जाए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आयुष्मान कार्ड बनकर आ गया है, जिसे अपने-अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से ले सकते हैं। उन्होंने रेडक्रास सोसायटी द्वारा संचालित शासकीय जिला चिकित्सालय के दवाई दुकान में दवाईयों की उपलब्धता बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दवाईयों के साथ-साथ व्हीलचेयर, बैशाखी, श्रवण यंत्र, थर्मामीटर सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं को रखने के निर्देश दिए।

### कोलिहापुरी शिकारी भाटा में शिव मंदिर जीर्णोध्दार की वर्षो पुरानी मांग हुई पूरी



**डोंगरगढ़ 6 अस्गास्त।** जिला पंचायत सदस्य प्रभा साहू एवं जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा ने बताया कि कोलिहापुरी ग्राम पंचायत के शिकारी भाटा में शिव मंदिर जीणोद्धार हेतु ग्रामीणों ने मांग की थी जिस पर जिला पंचायत सदस्य एवं जनपद उपाध्यक्ष के द्वारा ग्राम वासियों की मांग को संज्ञान में लेते हुए शिव मंदिर की निर्माण हेतु 4 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान करवा समस्त ग्रामवासियों के साथ धूमधाम से भूमि पूजन किया गया साथ में युवा कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष डोंगरगांव बालेश्वर नेताम पंचायत सरपंच रंभाबाई वर्मा उपसरपंच मदन सिन्हा पंच परमेश्वर साहू हरिचंद् पारधी कमलेश पारधी धनराज वर्मा एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

### किसानों को अब तक 5772 करोड़ रुपए का कृषि ऋण वितरित

**रायपुर, 6 अगस्त।** खरीफ सीजन 2023 के लिए 6100 करोड़ रूपए कृषि ऋण के रूप में किसानों को वितरित किए जाने का लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 5 हजार 772 करोड़ 6 लाख रूपए का ऋण किसानों को दिया जा चुका है, जो कि निर्धारित लक्ष्य का 94 प्रतिशत है। गत वर्ष इसी अवधि में राज्य के किसानों को 4 हजार 698 करोड़ रूपए का ऋण प्रदाय किया गया था।

## मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार दाऊदी बोहरा कब्रस्तान में बनेगा सामुदायिक भवन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 6 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्य कराये जा रहे है, इसी कडी में राजनांदगांव शहर में भी उनके द्वारा स्वीकृत राशि से मूलभूत सुविधा रोड, नाली सहित सामुदायिक भवन, उद्यान, मुक्तिधाम उन्नयन, तालाब सौंदर्यीकरण कार्य कराये जा रहे है। उक्त बाते महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने दाऊदी बोहरा कब्रस्तान में सामुदायिक भवन निर्माण के भूमिपूजन अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि दाऊदी बोहरा समाज द्वारा कब्रस्तान में सामुदायिक भवन निर्माण के लिये मांग की जा रही थी, जो आज मुख्यमंत्री जी की घोषणा अंतर्गत



स्वीकृति राशि 20.00 लाख रूपये की लागत से पूर्ण होने जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुखमंत्री जी ने सभी समाज के लोगो से भवन निर्माण, विस्तार व समाज के अन्य कार्य के लिये आवेदन मंगवाया था जिसमें 40 समाजों द्वारा आवेदन दिया गया था जिसमें से आपका समाज एक है, जिन्हें यह लाभ मिल रहा है जिससे भवन निर्माण करने भूमिपूजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यंत्री जी की सोच सभी समाज को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करना है, जिससे समाज का उत्थान होगा। उन्होंने समाजिक बंधुओं को आश्वस्त किया की इसी प्रकार के सहयोग आवश्यकता अनुसार समाज के लिये किया जायेगा।

विकास कार्य के तहत नगर निगम द्वारा वार्ड नं. 31 स्थित दाऊदी बोहरा समाज के लिये मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत स्वीकृत 20.00 लाख रूपये की लागत से कब्रस्तान में सामुदायिक भवन निर्माण कराया जाना है, सामुदायिक भवन निर्माण करने महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने दाऊदी बोहरा समाज के लोगों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। भूमिपूजन अवसर पर महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री सतीश मसीह,भागचंद साहू,संतोष पिल्ले, विनय झा,गणेश पवार, जिला योजना समिति के सदस्य श्री अमीन हुड्डा,वार्ड पार्षद श्री गप्पू सोनक विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में समाज के आमिल साहब मुल्ला अबदेअली इज्जी, सचिव मुल्ला बुरहनुद्दी भाई सदस्य मुल्ला अमार भाई शाहीन, मुल्ला हजाइफा भाई, अशफाक भाई मुल्ला शकील भाई अब्बासी शब्बीर भाई हैदरी, शमसुद्दीन सैफी ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर उप अभियंता सुश्री पिंकी खाती सहित समाजिक बंधु उपस्थित थे।

मेगास्टार चिरंजीवी की बहुप्रतीक्षित व्यावसायिक मनोरंजन फिल्म भोला शंकर 11 अगस्त को भव्य रिलीज के लिए तैयार है। मेहर रमेश द्वारा निर्देशित इस फिल्म में कीर्ति सुरेश और तमन्ना भाटिया प्रमुख भूमिकाओं में हैं। पूरे जोरों पर प्रचार के साथ, हाल ही में अनावरण किए गए ट्रेलर को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। हालिया विकास में, फिल्म सेंसर औपचारिकताओं से सफलतापूर्वक गुजर गई और सीबीएफसी बोर्ड से यू/ए प्रमाणपत्र हासिल कर लिया।



# करण जौहर की प्रेम कहानी से बहुत प्रभावित हुई ज्योति सक्सेना

रॉकी और रानी की प्रेम कहानी प्यार की एक चमकदार टेपेस्ट्री है, जो संगीत और भव्य सेटों से सजा हुआ है, जो उसे एक कारन जोहर ट्रेडमार्क फिल्म बनाता है÷, अभिनेत्री ज्योति सक्सेना कहती है 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' एक महाकाव्य प्रेम कहानी होने का वादा करती है। अभिनेत्री ज्योति सक्सेना को हाल ही में बहुप्रतीक्षित फिल्म ÷रॉकी रानी की प्रेम कहानी÷ देखने के लिए गई और अभिनेत्री फिल्म के सभी कलाकारों के काम की प्रतिभा से आश्चर्यचकित रह गई और उनका कहना था की कारण जोहर की यह फिल्म देखने के लिए जो इंतज़ार था वो निश्चित रूप से इसके लायक था। भारतीय फिल्म उद्योग में सबसे प्रसिद्ध निर्देशकों में से एक, करण जौहर ने अपनी कहानी कहने और भावनाओं को स्क्रीन पर शानदार ढंग से पेश करने की क्षमता के लिए पिछले



कुछ वर्षों में बड़ी संख्या में प्रशंसा प्राप्त की है। ज्योति सक्सेना ने करण जौहर के उस उत्कृष्ट कला को देखा। अभिनेत्री का कहना है, ÷रॉकी और रानी की प्रेम कहानी प्यार की एक चकाचौंध टेपेस्ट्री है, जो मन को मोह कर देने वाला संगीत और भव्य सेटों से सजा हुआ है, जो एक कारण जोहर ट्रेडमार्क उद्यम का निर्माण करती है। हंसी, आँसू और एक आश्चर्यजनक लिंग परिवर्तन। मुझे लगता है कि करण जौहर के पास है पारंपरिक मूल्यों और आधुनिक संवेदनाओं के बीच एक आदर्श संतुलन बनाने की क्षमता है। रणवीर सिंह और आलिया भट्ट बहुत ही ज़्यादा अद्भुत कलाकार हैं और दिग्गजों ने फिल्म में साबित कर दिया है कि उन्हें बॉलीवुड के महान अभिनेता क्यों कहा जाता है। उन्होंने आगे कहा, करण जौहर ने 7 साल बाद इंडस्ट्री में वापसी सबसे अच्छे फैसलों में से एक साबित हुई और मुझे लगता है कि सत्रक्रम्चक्र एक ऐसी फिल्म है जिसने बॉलीवुड को बचा लिया है। यह एक संपूर्ण पारिवारिक मनोरंजक फिल्म। यह है 'द धर्मा फिल्म' जिसने देखना का एक अलग ही मज़ा था।धर्मा फिल्म में काम करने की इच्छा व्यक्त करने पर, ज्योति सक्सेना कहती हैं, ÷एक अभिनेता के रूप में हर कलाकार का सपना होता है कि वह एक बार करण जौहर के मार्गदर्शन में काम करे और मेरे लिए हमेशा खुद को धर्मा फिल्म में देखना मेरा सबसे बड़ा सपना रहा है और मैं बस यही उम्मीद करती हूं कि एक दिन मेरा यह सपना सच में बदल जाएगी और में खुद को धर्म की फिल्म में देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। हम निश्चित रूप से कह सकते हैं कि ज्योति सक्सेना ने करण जौहर की फिल्म रॉकी रानी की प्रेम कहानी को आश्चर्यचकित कर दिया है और हम बस यही उम्मीद करते हैं कि ज्योति सक्सेना का धर्मा फिल्म में कास्ट होने का सपना जल्द ही पूरा हो जाए। ज्योति सक्सेना के बारे में अधिक अपडेट के लिए हमारे साथ बने रहें।

## पटोला डिजाइन का अधिकार कौन जीतेगा

सोनी सब का पुष्पा इम्पॉसिबल एक सिंगल मां पुष्पा (करुणा पांडे) के अभूतपूर्व जीवन, और अपने व अपने बच्चों के लिए सम्मानजनक जीवन पाने के उसके अटूट संकल्प को दर्शाता है। वह न केवल अपने बच्चों के लिए बल्कि उनके आस-पास के सभी लोगों के लिए साहस और दृढ़ता की प्रेरणादायक प्रतीक है। आने वाले एपिसोड्स में, विरेन (हेमंत खेर) पुष्पा को स्पष्ट रूप से बताता है कि उसने श्रीमती देसाई के पटोला के लिए जिस आकृति पर काम किया है, उसके सभी अधिकार अब उसके पास हैं। विरेन के दावे को पुष्पा को धक्का लगता है और उसे हताशा होती है। पुष्पा की बहू दीप्ति सहित परिवार के सभी सदस्य, अपने मतभेदों के बावजूद, यह साबित करने में पुष्पा की मदद करने के लिए एकजुट होते हैं कि यह आकृति उसकी ओरिजिनल है, ताकि वे इस पर विरेन के दावे को हरा सकें। क्या पुष्पा इस पटोला



आकृति की प्रामाणिकता साबित करके विरेन के दावे को चुनौती दे सकेगी? पुष्पा का किरदार निभाने वाली करुणा पांडे ने कहा, ऐसा किरदार निभाकर बहुत अच्छा लगता है, जो जीवन में आने वाली हर मुश्किल को शुद्ध दृढ़ संकल्प के साथ जीतती है। इस किरदार के संकल्प और अपने परिवार के साथ उसके अटूट बंधन को देखना भी उतना ही प्रेरणादायक है। अब जबकि विरेन पुष्पा के जीवन में समस्याएं पैदा कर रहा है, तो पुष्पा उससे भी उतनी ही दृढ़ता से निपटती है, और इससे कई महिला दर्शकों को अपनी चुनौतियों से निपटने की प्रेरणा मिलती है।÷

## नई राजेश का हुआ दिल खोलकर स्वागत !

एण्डटीवी की घरेलू कॉमेडी 'हप्पू की उलटन पलटन' में हप्पू सिंह (योगेश त्रिपाठी) की दबंग दुल्हनिया, नई राजेश सिंह, ऊर्फ रज्जो की भूमिका में गीतांजलि मिश्रा के आने से बड़े ही रोमांच और अपेक्षा की उम्मीद की जा रही है। उनकी शूटिंग शुरू होते ही शो के कलाकारों और क्रू ने दिल से उनका स्वागत किया है, अपना उत्साह दिखाते हुए शुभकामनाएं दी हैं। इस मौके पर केक काटने की एक खुशनुमा रस्म हुई, जिससे कुछ प्यारी यादें मिलीं। गीतांजलि के डेब्यू को इतने प्यार से लिये जाने और उस पर चर्चा को देखते हुए लग रहा है कि जब वह 7 अगस्त को नई राजेश की भूमिका में दिखेंगी, तब दर्शक झूम उठेंगे। एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' में नई राजेश की भूमिका के सुखद स्वागत और अपेक्षाओं पर गीतांजलि मिश्रा ने कहा, ''राधा राधे बोल लाये हैं! मैं बहुत आभार महसूस कर रही हूँ, क्योंकि यह बेहतरीन सफर शुरू हो रहा है। शुरूआत में मुझे चिंता थी कि इस शो में मेरी मौजूदगी पर दर्शकों की क्या प्रतिक्रिया होगी, लेकिन उनके असीम प्यार और समर्थन ने मुझे एक नया आत्मविश्वास दिया है। जिस प्यार और लगाव से मेरी टीम ने मुझे अपनाया है, वह मेरे दिल की गहराइयों में उतर गया है। अपने आस-पास के लोगों की आँखों में रोमांच और अपेक्षा को देखकर, जोकि मुझे नई राजेश के रूप में देखने के लिये उत्सुक हैं, मुझे बड़ा ही खूबसूरत एहसास हो रहा है। यह मौका मेरे लिये सम्मानजनक होने के साथ-साथ एक महत्वपूर्ण पल भी है। मेरी भावनाओं और आभार की गहराई बताने के लिये शब्द काफी नहीं हैं। यह भूमिका जिन्दगी में एक बार मिलने वाले मौके जैसी लग रही है और इसे पाने की मुझे बेहद खुशी है। मैं इस किरदार को निभाने के लिये पूरे दिल से समर्पित रहने और अपने जुनून तथा प्रतिबद्धता को लगाने का वादा करती हूँ। मुझे दर्शकों के समर्थन और लगाव का उत्सुकता से इंतजार है, क्योंकि मैं नई राजेश के रूप में अपनाये



जाने और उसकी लोकप्रियता को नई ऊँचाइयो पर पहुँचाने की कोशिश में हूँ। आपके प्रोत्साहन से मैं सभी का मनोरंजन करने और खुशियाँ देने के लिये संकल्पित हूँ। साथ मिलकर हम इस यात्रा को यादगार बना सकते हैं।'' शो में अपनी एंट्री और लुक के बारे में गीतांजलि मिश्रा ने बताया, ''राजेश के रूप में मेरी एंट्री के साथ दर्शक एक मनोरंजक किस्से को देखेंगे। कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) नाराज हो जाती हैं, क्योंकि उनके पति खोदी लाल (शरद व्यास) सालगिरह भूल जाते हैं।

## प्रयोगवाद के साथ समाज में संदेश देगी छत्तीसगढ़ी फिल्म अतरंगी

**18 अगस्त से प्रदेश सिनेमाघरों**

**रायपुर।** छालीवुड में भी प्रयोगवाद को तरजीह दिया जाने लगा है, इसकी शुरूआत मनोरंजक छत्तीसगढ़ फिल्म अतरंगी से मानी जाए तो अतिश्योक्ति नहीं होगी, क्योंकि गांव के किस्से अपनी परंपरा को बरकरार रखते हुए बच्चों के खेलकूद, तीज-त्यौहार को अभी तक आपने फिल्मों में देखा है, परन्तु फिल्म अतरंगी इन सबसे हटकर एक अकदम ताजा व नए संदेश को पिराये हुए निर्मित फिल्म है। निर्माता, निर्देशक पवन गुप्ता कहते हैं कि फिल्म एक अच्छा माध्यम है अपनी संस्कृति और परम्परा को दिखाने का, यह प्रयोगवाद का सशक्त माध्यम भी है, इसी सुदृढ़ मानसिकता के साथ हमने फिल्म अतरंगी बनाई है, जिसमें बताया है कि समस्याएं, जो जीवन में कभी खत्म होने का नाम नहीं लेती उसे बड़ों की नजर से नहीं बच्चों की नजर से देखा जाये, फिर देखिए समस्याओं का हल कैसे खेल-खेल में निकलता है, यानी फिल्म अतरंगी एक सवाल है तो जवाब भी इसी फिल्म में मिलता है। उन्होंने बताया कि यह उनकी ड्रीम प्रोजेक्ट ह, जिसमें आर्ट के साथ कमर्शिलय, फूल कॉमेडी, मसाला और पारिवारिक फिल्म है, जिसमें हरउम्र के दर्शकों का ख्याल रखा गया है। गीत-संगीत अच्छे हैं, रिलीज से पहले ही फिल्म के गानों पर रील्स बन रहे हैं, ग्रामीण पृष्ठभूमि पर आधारित इस फिल्म में किसान के दर्द को भी दिखाया गया है। फिल्म के प्रोड्यूसर विजय गुलिया पवन कुमार गुप्ता, योगेश अग्रवाल, डायरेक्टर पवन कुमार गुप्ता, सहयोगी प्रोड्यूसर महेश जयसवाल, सुभाष गुप्ता, कलाकारों में योगेश अग्रवाल, चंचल साहू, संतोष सारथी, उर्वशी साहू, रजनीश




झांजी,मंजुलता राठौड़, दिलबाग सिंह नीलम देवांगन, विक्रम राज, नकुल महलवार, किरण वर्मा, अरुण पॉल, प्रकाश ताम्रकार, प्रेम गुप्ता, नेतराम श्रीवाश, त्रिलोक तिवारी, योगेश पांडये, विक्की उमरे, शन्नो खान, बाल कलाकार- अभिषेक गुप्ता, अदिति तिवारी, फैजान खान, दर्शन जैन, अंकित गुप्ता, रोशन गुप्ता,स्टोरी राइटर इमरोज सिद्धीकी, कैमरा मैन राजकुमार बघेल, प्रकाश राठौर, म्यूजिक सुनील सोनी, एडिटिंग नारायण वमा, डबिंग बिन्नी पॉल, बैकग्राउंड म्यूजिक जितेन्द्रिय देवांगन मुख्य हैं।

## सीज़न-15 के लिए अमिताभ बच्चन के वॉर्डरोब में 'बदलाव' का खुलासा!



सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का फैंस का फेवरेट गेम शो, 'कौन बनेगा करोड़पति - सीज़न 15' 14 अगस्त को रात 9 बजे प्रीमियर के लिए तैयार है। पिछले कुछ वर्षों में, दर्शकों ने इस शो के होस्ट श्री अमिताभ बच्चन को कई शो-स्टॉपिंग आउटफिट्स पहने देखा है, जो बड़े पैमाने पर चर्चा का विषय रहे हैं। थ्री-पीस सूट से लेकर बो-टाईज़, स्टाइलिश स्कार्फ और बहुत-से आउटफिट्स? तक, स्टाइलिस्ट प्रिया पाटिल अकेली ऐसी महिला हैं, जो हर सीज़न में टेलीविजन के पसंदीदा होस्ट को आकर्षक बनाने में सहायक रही हैं! जहां इस ज्ञान-आधारित रियलिटी शो में गेमप्ले में नए एलिमेंट्स को जोड़ने के साथ कुछ बदलाव देखने को मिलेंगे, वहीं प्रिया भी उभरते फैशन ट्रेंड के साथ बिग बी को? स्टाइल करेंगी, जिसे यह मेगास्टार बड़े उत्साह के साथ पेश करते हैं। इस सीज़न में मिस्टर बच्चन के लुक में बदलाव को लेकर चर्चा करते हुए प्रिया पाटिल ने कहा, ÷कौन बनेगा करोड़पति के 15वें सीज़न के लिए, मेरे मूड बोर्ड में लुक को 'नया' और 'फ्रेश' रखने पर जोर दिया गया है। क्लासिक लुक बरकरार रखते हुए हम एक कदम आगे बढ़े हैं और इसमें नए एलिमेंट्स जोड़े हैं। सर क्लासिक थ्री-पीस सूट, बंदगला और जोधपुरी में नजर आएंगे, लेकिन मैं एक 'कलर प्ले' पेश कर रही हूं जो रंगों का एक आकर्षक संयोजन होगा। विस्तार से बताऊं तो नेवी के साथ वाइन, ब्लैक एंड व्हाइट, पाउडर ब्लू और नेवी, प्लेन के साथ पिनस्ट्रिप, प्लेन के साथ चेक जैसे बहुत-से कलर पैटर्न्स होंगे। उनकी शर्ट्स की बात करें, तो मैंने छोटी लेकिन साफ दिखाई देने वालीं विशेषताएं पेश की हैं, जिनमें कॉलर के साथ कंट्रास्ट पाइपिंग, उभरे हुए अलग-अलग ब्रोचेस और लैपल पिन, जो पूरे लुक को निखारती हैं और इसे पूरा करती हैं। हमने क्लासिक जोधपुरी पर शॉल की तरह एक खास ड्रेप जोड़ा है, और लुक को पूरा करने के लिए इसे पकड़कर रखने वाला ब्रोच होगा।

# होम स्वीट होमः कलाकारों ने अपने घर में अपनी पसंदीदा जगहों के बारे में बताया

हर किसी को ऐसी जगह चाहिये होती है, जहाँ वह वास्तव में एकदम सुकून से बैठकर से अपना निजी समय बिता सके। घर में अपना पसंदीदा कोना हर किसी को निजी तौर पर खुशी देता है। एण्डटीवी के कलाकार अपने घरों के उन खास कोनों पर बात कर रहे हैं, जहाँ उन्हें सबसे ज्यादा वक्त बिताना पसंद है। यह कलाकार हैं मनीषा अरोड़ा (महुआ, 'दूसरी माँ'), हिमानी शिवपुरी (कटोरी अम्मा, 'हप्पू की उलटन पलटन') और शुभांगी अत्रे (अंगूरी भाबी, 'भाबीजी घर पर हैं')। 'दूसरी माँ' की महुआ, यानि मनीषा अरोड़ा ने बताया, ''मुंबई के मेरे घर में मैंने एक पर्सनल मास्टरपीस बनाया है, मेरे लिए यह स्वर्ग के जैसा है जहां मुझे बहुत ही आराम और खुशी मिलती है। इसमें स्वागत करने वाले दो सोफे, एक खूबसूरत सेंटर टेबल और ऊपर बड़े ही प्यार से रखी गई एक आकर्षक बुकशेल्फ है। मेरा विचार सादगी के लिये था। यह आरामदायक जगह भरपूर आनंद पाने के लिये मेरी सबसे पसंदीदा जगह है। मैं जब भी यहाँ होती हूँ, जिन्दगी एक खुशनुमा एडवेंचर लगती है। यह एक निजी जगह है, जहाँ मैं दिलचस्प किताबों में खो जाती हूँ, शानदार फिल्मों को देखते हुए समय को भूल जाती हूँ और अपनी सदाबहार पसंदीदा धुनों पर थिरकती हूँ। इस कोने का जादू मुझे हमेशा



खुश कर देता है। इस जगह को मेरे सारे राज़ पता हैं (हंसती हैं)। यह जगह मेरी राज़दार है, जहां मेरे मन के बातें पूरी तरह सुरक्षित रहती हैं । इतना ही नहीं, यहाँ मैं खुद को परखती भी हूँ। मैं सावधानी से अपने काम का मूल्यांकन करती हूँ और उसे बेहतर बनाने के तरीके खोजती हूँ। यहाँ का माहौल सहजता को बढ़ाता है और अपने विचारों से घिरकर मैं बहुत प्रसन्नता और सकारात्मकता का अनुभव करती हूँ। यही मेरा कम्फर्ट ज़ोन है, जहाँ मैं कल्पना और रचनात्मकता के रहस्यों को खोलते हुए काफी वक्त बिताती हूँ। मेरे घर के इस छोटे-से कोने में जादू है!''

'हप्पू की उलटन पलटन' की कटोरी अम्मा, यानि हिमानी शिवपुरी ने बताया, ''मेरे घर में मेरे सोफे के आखिरी कोने की मेरे दिल में एक खास जगह है। यह बालकनी के सामने रखा हुआ है, यहां बैठकर समय गुजारना मुझे सबसे बढ़िया लगता है। मैं यहाँ बैठकर पढ़ती हूँ, अपना फोन स्क्रोल करती हूँ, टीवी देखती हूँ या आराम करती हूं और झपकी भी ले लेती हूँ। यहां बैठकर मैं अपने बेटे के साथ खूब सारी बाते करती हूं। यहां आने वाली प्राकृतिक रोशनी, ताजी हवा और बालकनी का बेहद सुंदर दृश्य इस जगह को और आकर्षक बना देता है। यह जगह मेरे घर में शांति का एक झरोखा है। यहाँ मैंने अपनी लाइब्रेरी बनाई है, जोकि मेरी सारी पसंदीदा किताबों से भरी हुई है। मैं किसी भी वक्त पढ़ने और लिखने की जादुई दुनिया में पहुँच सकती हूँ। हमारे रुटीन और आराम की जगहें हमारे मूड के हिसाब से बदल सकती हैं, लेकिन यह कोना आखिरकार मेरा तनाव दूर कर ही देता है। यह शांति देने वाला एक छोटा-सा स्वर्ग है, जहाँ मैं दुनिया से दूर जाकर जिन्दगी की साधारण-सी खुशियों में सुकून पाती हूँ।'' 'भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी, यानि शुभांगी अत्रे ने बताया, ''हमारा घर मेरी बेटी और मेरे बीच के प्यार को संजोता है, जहाँ एक खास जगह है- हमारे लिविंग रूम की बालकनी।

## दिल दियां गल्लां के वीर अमृता और रिया ने अपनी मजबूत ऑफ़ स्क्रीन दोस्ती का खुलासा किया

टेलीविज़न सेट पर होने वाली दोस्ती अक्सर सह-कलाकारों के बीच एक खास और अनोखा रिश्ता बनाती है। शूटिंग के दौरान काफी समय साथ बिताने से मजबूत बॉन्ड और स्थायी कनेक्शन बनता है, जो उनके जीवन में खुशी और अर्थ जोड़ता है। ये वास्तविक रिश्ते टीवी शो के अनुभव को समृद्ध बनाते हैं। ऐसा ही एक रिश्ता सोनी सब के दिल दियां गल्लां में मौजूद है, जहां पारस अरोड़ा (वीर के किरदार में), हेमा सूद (रिया की भूमिका निभा रही हैं) और कावेरी प्रियम (अमृता की भूमिका में) एक अनोखा और मजबूत कनेक्शन साझा करते हैं। उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री और सौहार्द हर एपिसोड में स्पष्ट रूप से दिखती है, लेकिन उनका ऑफ़-स्क्रीन रिश्ता भी वास्तव में उन्हें अलग बनाता है। लंच ब्रेक में अपना लंच शेयर करने से लेकर सेट पर चाय और पकौड़ों के साथ मानसून के आनंदमय पलों का आनंद लेने तक, पारस, कावेरी और हेमा ने विश्वास, समझ और आपसी समर्थन के अटूट बॉन्ड से एक वास्तविक दोस्ती बना ली है।



अमृता का किरदार निभाने वाली, कावेरी प्रियम ने कहा, ÷पारस, हेमा और मैंने सेट पर एक साथ काफी समय बिताया है, जिससे हमारे बीच बेहद करीबी और गहरा रिश्ता विकसित हुआ है। हम एक-दूसरे के लिए लगातार मौजूद रहते हैं, एक-दूसरे की खूबियों और खामियों से पूरी तरह वाकिफ हैं। वे दोस्त और सह-कलाकार के रूप में मेरे जीवन में बेहद खास जगह रखते हैं और मैं उन्हें पाकर बहुत आभारी हूं। हेमा और मेरे बीच का रिश्ता असाधारण है; वह किसी असली बहन की तरह महसूस करती है और हमेशा अटूट समर्थन देती है। ऑफ़-स्क्रीन, मुझे पूरा यकीन है कि ज़रूरत के समय में, मैं इन दोनों पर पूरा भरोसा कर सकती हूं। वीर का किरदार निभाने वाले, पारस अरोड़ा ने कहा, ÷हेमा और कावेरी के साथ काम करने का अनुभव शानदार रहा है, और हमने साथ में जो भी समय बिताया है, उससे हमारी दोस्ती गहरी होती गई है। हम एक-दूसरे के लिए मौजूद रहते हैं, और अपनी ताकत और कमज़ोरियों दोनों को जानते हैं। वे प्रतिभाशाली सह-कलाकार और शानदार व्यक्ति हैं, जिनकी ऊर्जा और खुशी सेट पर चारों तरफ फैलती है। हम एक साथ बहुत मज़ा करते हैं, शरारतें करते हैं और शूटिंग के कठिन शेड्यूल को भी मनोरंजक बनाते हैं। वे ऑफ़-स्क्रीन भी भरोसेमंद सहयोगी बन गए हैं, जो मेरे लिए बहुत मायने रखता है। उनका मेरे साथ होना किसी अनमोल उपहार की तरह है, जो हमारे साझा सफर को वास्तव में खास बनाता है। रिया का किरदार निभाने वाली हेमा सूद ने कहा ÷अमृता और वीर दोनों ऑनस्क्रीन और ऑफस्क्रीन मेरे अच्छे दोस्त हैं। हमें ब्रेक के दौरान इंस्टाग्राम रील्स बनाना पसंद है, जिससे शूटिंग में और भी मज़ा आता है। अपने चंचल पहलू और संबंधों को नए तरीके से प्रदर्शित करना हमारा पसंदीदा टाइमपास है। हंसी–मज़ाक के ये पल तनाव को एकदम दूर करने वाले होते हैं, जिससे शूटिंग सिर्फ काम के बजाय दोस्तों के साथ बिताए गए समय की तरह भी महसूस होती है। अमृता मेरे दिल में विशेष स्थान रखती है; हमारा रिश्ता बहनों जैसा है। वह हमेशा मुझे दुलार करती है। पारस बहुत प्यारा दोस्त है जिस पर मैं हमेशा भरोसा कर सकती हूं।

## कहीं होगी नई राजेश से मुलाकात तो कहीं निकलेगी बारात!

इस सप्ताह एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' में गीतांजलि मिश्रा नई राजेश के रूप में धमाकेदार एंट्री करेंगी। वहीं, 'दूसरी माँ' में यशोदा अपने बच्चों की भलाई के लिये संघर्ष जारी रखेगी, जबकि 'भाबीजी घर पर हैं' में दर्शक एक शादी देखेंगे। एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' की आगामी कहानी के बारे में बताते हुये नई राजेश ऊर्फ गीतांजलि मिश्रा ने कहा, ''राजेश के रूप में मेरी एंट्री के साथ दर्शक एक मजेदार कहानी देखेंगे। कटोरी अम्मा (हिमानी



शिवपुरी) अपने पति खोदी लाल (शरद व्यास) के अपनी शादी की सालगिरह भूल जाने से नाराज हैं और वह अपनी दोस्त जमिला के साथ एक रात बिताती हैं। हालांकि, परिवार वालों ने उनके लिये एक सरप्राइज की योजना बनाई है, जहां गुस्से में आकर कटोरी अम्मा तलाक का ऐलान कर देती हैं। वह राजेश (गीतांजलि मिश्रा) को जज और बेनी (विश्वनाथ चटर्जी) को अपना डाइवोर्स लॉयर बनाती हैं। इस बीच, हप्पू बेनी के खिलाफ केस लड़ता है और खोदी लाल को सपोर्ट करता है।'' एण्डटीवी की 'दूसरी माँ' की कहानी के बारे में बताते हुये यशोदा कहती हैं, ''आस्था (अद्विका शर्मा) यशोदा (नेहा जोशी) को बिना बताये उसका घर छोड़ देती है और वापस गुप्ता निवास लौट आती है। उसे ढूंढ़ते-ढूंढ़ते कृष्णा (आयुध भानुशाली) और यशोदा सड़क पर रणधीर (दर्शन दवे) से टकराते हैं, जो यशोदा की तरफ मदद का हाथ बढ़ाने की कोशिश करता है, लेकिन वह इनकार कर देती है। इसके बाद आस्था को ढूंढने के लिये वे गुप्ता निवास में पहुंचते हैं, लेकिन दादाजी (सुनील दत्त) यह कहते हुये उन्हें वहां से भगा देते हैं कि आस्था वहां पर नहीं है। मालती देवी (अनीता प्रधान) दादाजी से आस्था को ढूंढने में उनकी मदद करने का अनुरोध करती है, लेकिन वह मना कर देते हैं और कहते हैं आस्था को जहां होना चाहिये वह वहीं पर है। अगले दिन गायत्री (कशिश भाटिया) गुप्ता निवास आती है और मालती को बताती है कि कल रात उसने यशोदा को रणधीर (दर्शन दवे) के साथ आईसक्रीम खाते हुये देखा था। यशोदा और कृष्णा को बाद में पता चलता है कि आस्था दरअसल गुप्ता निवास में ही है। वे वापस गुप्ता निवास आते हैं और उससे घर वापस लौटने के लिये कहते हैं, लेकिन वह दादाजी के साथ ही रहती है। अगले दिन, यशोदा नुपूर (आन्या गलवान) के साथ स्कूल में आस्था का टिफिन भेजती है, लेकिन

## मॉनसून में टीवी कलाकारों की स्किन केयर के क्या हैं राज़!

मॉनसून कई लोगों का पसंदीदा मौसम है, लेकिन यह अपने साथ स्किनकेयर की काफी चुनौतियाँ भी लेकर आता है। बहुत ज्यादा आर्द्रता और नमी से त्वचा की कई समस्याएं हो सकती हैं, जैसे कि मुंहासे, रुखी त्वचा, आदि। त्वचा को खुश, लचीला और चमकदार बनाए रखने के लिये एण्डटीवी के कलाकार मॉनसून में स्किनकेयर के अपने भरोसेमंद सीक्रेट्स बता रहे हैं। यह कलाकार हैं गीतांजलि मिश्रा (राजेश, 'हप्पू की उलटन पलटन'), मनीषा अरोड़ा (महुआ, 'दूसरी माँ') और विदिशा श्रीवास्तव (अनीता भाबी, 'भाबीजी घर पर हैं')। 'हप्पू की उलटन पलटन' की नई राजेश, यानि गीतांजलि मिश्रा ने बताया, ''मॉनसून में मेरी त्वचा ज्यादा सेंसेटिव हो जाती है। स्किन के तेलीय होने से मुंहासे, बंद छिद्रों, काले मस्सों और सफेद फुंसियों जैसी परेशानियाँ होती हैं। इससे निपटने के लिये मेरा घरेलू



नुस्खा है अनार के बीजों से बना फेस पैक, क्योंकि उनमें एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन सी जैसे एंटी-एजिंग तत्व अच्छी मात्रा में होते हैं, जो फीकी त्वचा में जान फूंक देते हैं। मैं एक कप कच्चे ओट्स में दो छोटे चम्मच अनार के बीज मिलाती हूँ। उन्हें एक कटोरी में डालकर दो बड़े चम्मच शहद और छाछ मिलाती हूँ। इसे अपने चेहरे पर कुछ मिनट के लिये लगाकर धो लेती हूँ। इससे त्वचा की मृत कोशिकाओं को हटाने, त्वचा को ताजगी देने और अतिरिक्त तेल हटाने में मदद मिलती है।'' 'दूसरी माँ' की महुआ, यानि मनीषा अरोड़ा ने बताया, ''मॉनसून का मतलब है सुखद एहसास करना और प्रकृति के बीच जाकर बारिश में भीगते हुए मजे करना।

## क्या सेनापति तारा और उसके परिवार के खिलाफ ध्रुव का सफलतापूर्वक ब्रेनवॉश कर पाएगा?



सोनी सब की अनोखी समय-यात्रा वाली प्रेम कहानी 'ध्रुव तारा - समय सदी से परे' ने अपनी मनोरम कहानी, प्यारे किरदारों और आश्चर्यजनक ट्विस्ट से दर्शकों को बांधे रखा है। यह शो झूठ, धोखे और गलतफहमियों वाले एक अप्रत्याशित मोड़ की ओर बढ़ रहा है, जिसके कारण ध्रुव (ईशान धवन) और तारा (रिया शर्मा) के बीच दूरियां बढ़ रही हैं, जिससे दर्शक व्याकुल हो जाएंगे। आगामी एपिसोड्स में, कहानी में मोड़ आता है क्योंकि सेनापति सम्राट (विनीत चौधरी) ध्रुव को चालाकी से बहकाता है, जिससे वह अपने पिता रवि (हर्ष वशिष्ठ) के बारे में एक विकृत सच्चाई पर विश्वास कर लेता है। सामने आने वाली कहानी से साज़िश रची जाती है, और ध्रुव व तारा के बीच नाटकीय टकराव के लिए मंच तैयार किया जाता है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, सेनापति सम्राट अपनी दुष्ट योजना के अगले चरण को अंजाम देता है, जो तारा के परिवार के प्रति उसके छिपे हुए बैर से प्रेरित होती है। वह ध्रुव के मन में संदेह के बीज बोकर उसके पिता के अतीत के बारे में उसकी धारणा को चालाकी से विकृत करता है, यह सुझाव देता है कि तारा के परिवार ने ध्रुव के लंबे समय से खोए हुए पिता, रवि के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी छिपाई है। एक महत्वपूर्ण पल तब आता है, जब तारा अपने और ध्रुव के बीच बढ़ती दूरी को महसूस करते हुए उसके सम्मुख आती है। वह रवि के बारे में पूरी सच्चाई उजागर करने की कसम खाते हुए, ध्रुव से विनती करती है कि वह कहानी का उसका पहलू भी सुनें। ध्रुव का किरदार निभाने वाले ईशान धवन ने कहा, ÷ध्रुव झूठ और भ्रम के जाल में फंसा हुआ है। सेनापति सम्राट की कुटिल चाल उसे अपने अतीत पर संदेह करने पर मजबूर कर रही है और उसे यकीन हो जाता है कि तारा के परिवार ने जानबूझकर उसके पिता रवि से जुड़ी सच्चाई छिपाई है।

## एचडीएफसी बैंक ने पूरे भारत में 100 से अधिक बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट सेंटर्स का उद्घाटन किया

**मुंबई।** भारत के अग्रणी बैंक एचडीएफसी बैंक ने उत्तर प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, बिहार, असम, तेलंगाना, ओडिशा और भारत के कई अन्य राज्यों में 100 से अधिक बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट सेंटर्स (बीसीसी) के उद्घाटन की घोषणा की। ये सेंटर्स एक छोटी शाखा के रूप में कार्य करेंगे, जिसमें ग्राम स्तरीय उद्यमी (वीएलई) ग्राहकों को डिजिटल मॉड्यूल पर आधारित बैंकिंग उत्पादों का लाभ प्राप्त करने में सहायता करेंगे। वीएलई-विलेज लेवल आंत्रप्रेन्योर्स, जो मौजूदा माइक्रो-आंत्रप्रेन्योर्स हैं और गर्वनमेंट-टू-कंज्यूमर (जी2सी) सर्विसेज प्रदान कर रहे हैं। अब वीएलई भी अतिरिक्त रूप से देश के दूर-दराज के क्षेत्रों में बैंकिंग उत्पाद और बैंकिंग सेवाएं भी प्रदान करेंगे। ग्रामीण ग्राहकों को कई तरह के बैंकिंग उत्पादों की सेवाएं प्रदान करते हुए, बीसी अब अपने लिए अलग से नई कमाई का रास्ता खोल सकेंगे। यह पूरी तरह से बदलाव लाने वाला मौका सस्टेनेबल विकास के नए द्वार खोलता है, वित्तीय समावेशन (फाइनेंशियल इनक्लूजन) के सभी फायदे प्राप्त करने के लिए प्रमुख चालकों के रूप में उनकी भूमिका को और मजबूत करता है। इस लॉन्च का उद्देश्य ग्राहकों को उनकी वित्तीय जरूरतों को पूरा करने में मदद करने के लिए एक आसान बैंकिंग अनुभव प्रदान करना है। ये सेंटर जमीनी स्तर पर एचडीएफसी बैंक के उत्पादों के बारे में जागरूकता बढ़ाएंगे और ग्राहक को कई तरह के लाभ प्रदान करेंगे। वे बैंकिंग सेवाओं का एक विस्तृत पोर्टफोलियो पेश करेंगे, जिसमें बायोमैट्रिक के साथ खाता खोलना, एफडी/आरडी, एईपीएस एनेबल्ड नकद जमा और निकासी, विभिन्न तरह के लोन, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं और यहां तक कि ईएमआई कलेक्शन सुविधा भी शामिल है। एचडीएफसी बैंक के सभी उत्पादों और सेवाओं को सीएससी की डिजिटल सर्विस में काफी आसानी से इंटीग्रेट किया जाएगा। पोर्टल, बीसी को काफी आसानी के साथ बैंकिंग उत्पादों का एक व्यापक पोर्टफोलियो प्रदान करता है। सुश्री स्मिता भगत, ग्रुप हेड, गवर्नमेंट और इंस्टीट्यूशनल बिजनेस, अल्टरनेट बैंकिंग चैनल्स और पार्टनरशिप्स, इनक्लूसिव बैंकिंग ग्रुप और स्टार्ट-अप्स, एचडीएफसी बैंक ने कहा कि ''हमें देश भर में 100 से अधिक पिन कोड में बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट सेंटर्स का उद्घाटन करते हुए खुशी हो रही है।

# युविका अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए संघर्ष कर रही

सोनी सब का हाल ही में लॉन्च हुआ पारिवारिक ड्रामा वंशज पारिवारिक राजनीति के तत्वों, और एक अमीर व्यावसायिक परिवार की पारस्परिक डायनेमिक्स को दर्शाता है। हाल ही में, शो के प्रमुख परिवार, महाजन को एक



शानदार उत्सव में महाजन समूह के शानदार 75 वर्षों की सालगिरह का जश्न मनाते देखा गया, जिसमें परिवार के सदस्यों और विशेष मेहमानों ने भाग लिया। हालांकि, जश्न के बीच युविका (अंजलि तत्रारी द्वारा अभिनीत) को एक बड़े विवाद से जूझना पड़ा, जब उसके बनाए गए ऑडियो-विजुअल प्रजेंटेशन को किसी दूसरे प्रजेंटेशन से बदल दिया जाता है, जो परिवार की प्रतिष्ठा के लिए हानिकारक था। दुखी और हतप्रभ, युविका जवाब ढूंढती रहती है, उसे पता नहीं चलता कि प्रजेंटेशन के साथ किसने छेड़छाड़ की होगी। इस अस्थिर स्थिति का लाभ उठाते हुए, डीजे (माहिर पांधी) ने प्रजेंटेशन स्वैप के लिए ज़िम्मेदार अपराधी का पता लगाने की कसम खाते हुए, एक जांच बोर्ड की स्थापना करता है। जैसे-जैसे जांच टीम इस उलझाने वाले मामले की गहराई में उतरती जाती है, परिवार के भीतर रिश्ते टूटने लगते हैं, जिससे एक-दूसरे पर भरोसा करना मुश्किल हो जाता है। पूछताछ के बीच, युविका को भानुप्रताप (पुनीत इस्सर) और महाजन परिवार का विश्वास वापस हासिल करने के लिए अपनी बेगुनाही साबित करनी होगी। युविका का किरदार निभाने वाली अंजलि तत्रारी ने कहा, ÷वंशज में युविका का सफर भावनाओं और आश्चर्यों से भरा रहा है। पिछले हफ्ते के जश्न ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया, लेकिन अचानक प्रजेंटेशन बदलने से युविका का दिल टूट गया। मैं दर्शकों को भी इस सफर में जोड़ने के लिए उत्सुक हूं कि वे उस व्यक्ति को खोजने की कोशिश में हमारे साथ शामिल हों जिसने अंतिम समय में पेन-ड्राइव की अदला-बदली की थी। युविका इसके ज़िम्मेदार व्यक्ति को ढूंढने, न्याय पाने और अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। डीजे का किरदार निभाने वाले माहिर पांधी ने कहा,



÷आगामी एपिसोड में, दर्शक देखेंगे कि डीजे विवाद की तह तक जाने के लिए जांच शुरू कर रहा है और परिवार की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने में युविका की भूमिका को उजागर करता है। वह अपने चालाकी भरे तरीकों से युविका के जीवन में नई चुनौतियां लाता रहेगा और कार्तिक के साथ उसके रिश्ते को उजागर करेगा। तैयार हो जाइए, क्योंकि अप्रत्याशित मोड़ आने वाले हैं, वास्तव में कुछ दिलचस्प इंतज़ार कर रहा है, इसलिए बने रहें!÷

एक नजर

## जावंगा में नवाचार पर ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण दिया गया



**गीदम, 6 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग दंतेवाड़ा के तत्वावधान में जिला शिक्षा अधिकारी दंतेवाड़ा प्रमोद ठाकुर के मार्गदर्शन में गीदम विकासखंड स्तरीय इंस्पायर अवाड्र्स मानक पंजीकरण एवं नवाचार पर एक दिवसीय प्रशिक्षण तथा बैठक एजुकेशन सिटी जावंगा के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इंस्पायर अवाड्र्स मानक जिला नोडल अधिकारी देवेंद्र कुमार सोनी ने बताया कि इंस्पायर अवाड्र्स योजना के तहत बाल वैज्ञानिक का नया सोच एवं खोज से इंसान का आवश्यकताएं पूरी होगी। प्रत्येक विद्यालयों से कक्षा 6वी से 10वी तक 5 विद्यार्थियों का आईडिया नवाचार पंजीकरण करना है। मास्टर ट्रेनर तथा नवाचार विशेषज्ञ अमुजुरी विश्वनाथ व्याख्याता आस्था विद्या मंदिर जावंगा ने बताया कि भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा राष्ट्रीय नवाचार प्रतिष्ठान भारत द्वारा संचालित इंस्पायर अवाड्र्स मानक योजना के तहत जिला, राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर प्रोजेक्ट प्रदर्शन एवं प्रतियोगिता हेतु नगद राशि प्रदान करता है। इसी योजना को छत्तीसगढ़ लोक शिक्षण संचालनालय एवं स्कूल शिक्षा विभाग ने पूरे प्रदेश में सुचारू रूप से पर्यवेक्षण करता है। इसके संबंध में पंजीकरण, प्रोजेक्ट मॉडल बनाने की तकनीकी एवं नवाचार का पीपीटी के माध्यम से समझाया गया। कार्यक्रम में गीदम खंड शिक्षा अधिकारी शेख़ रफीक, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी भवानी पुनेम, हर्ष मिश्रा, मनीष कर्मा, लक्ष्मण साहू उपस्थित थे। इस प्रशिक्षण में गीदम विकासखंड के 33 संकुलों के समन्वयक एवं शासकीय तथा अशासकीय विद्यालयों के इंस्पायर अवाड्र्स प्रभारी शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल हुए।

## महिलाओं को समस्या एवं अधिकारों के विषय में किया गया जागरूक

**नारायणपुर, 6 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शिवी डेवलपमेंट सोसाइटी के द्वारा नारायणपुर जिले के आश्रित ग्राम ब्रेहबेड़ा व गढ़बेंगाल के ग्रामीण महिलाओ के साथ बैठक की गई जिसमे शिवि डेवलपमेंट सोसाइटी की प्रोग्राम मैनेजर द्वारा, शिवी संस्था के कार्यों और उद्देश्यों को लेकर चर्चा किया गया। शिवी डेवलपमेंट सोसाइटी बस्तर संभाग में पिछले 11 सालो से महिला सशक्तिकरण, महिला क्षमता वर्धन, महिला मानव प्रतिरकक्षक, आजीविका मिशन, शिक्षा, समूह बचत, घरेलू हिंसा के मुद्दो पर कार्य कर रही है। शिवी संस्था की सलाहकार द्वारा बस्तर की महिलाओ की वर्तमान स्थिति क्या है, और महिलाओ को किन किन समस्याओं से सामना करना पड़ता है। और अपने आप को किस तरीके से समस्याओं से बाहर निकाल पाती है। महिलाओ के अधिकार संबंधी चर्चा किया गया। साथ ही महिलाओ के टीकाकरण, गर्भवती महिलाओ के पोषण, स्वस्थ, स्वच्छता, शिशुवती महिलाओं में अनीमिया की कमी, साथ ही महिलाओ के मासिक धर्म संबंधी खुली चर्चा कर, माहवारी के प्रति महिलाओ के धारणा, अंधविश्वास संबंधी ग्रामीण महिलाओ को माहवारी स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया। महिलाओं को माहवारी के दौरान स्वस्थ, साफसफाई, सेनेटरी नैपकिन का उपयोग, कपड़े से होने वाले नुकसान एवं बीमारियों पर, साथ ही पोषण, चिकित्सकीय जांच कराने की सलाह दी गई। साथ ही महिलाओ को सरकार से मिलने वाली सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए लाभ लेने की सलाह दी गई। साथ ही साथ सखी वन स्टॉप सेंटर 181 की जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओ को सखी में मिलने वाले सुविधाओ के बारे में जानकारी दी गई। घरेलू हिंसा, मार पीट, शारीरिक मानसिक आर्थिक प्रताड़ना, दहेज, मेंटल हेल्थ, ट्रोलिंग, प्रताड़ना, टोनही प्रताड़ना, समानता, लिंग भेद, जाति भेद, प्रेम प्रसंग, नशा, संबंधी समस्त जानकारी दी गई। महिलाओ से संबंधी किसी भी प्रकार से संबंधित समस्या होने पर शिवी संस्था के कार्यकर्ता को मदद के लिए संपर्क करने को कहा गया। इस कार्यक्रम में शिवि डेवलपमेंट सोसाइटी दिल्ली से प्रोग्राम मैनेजर शेख सफ़ीना, शिवी सलाहकार शानिया ताहिर प्रोग्राम कॉर्डिनेटर भामिनी साहू एवं ग्रामीण महिलाएं इस बैठक में उपस्थित रही।

# प्रभातफेरी एवं रंगोली बनाकर छात्रों ने दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 6 अगस्त।** कलेक्टर हरिस. एस के निर्देशन में जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी व हिंदी माध्यम विद्यालय कोंटा के विद्यार्थियो ने प्रभात फेरी निकाल कर स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन सुकमा के मार्गदर्शन मे मतदाता जागरूकता के नारे लगाते हुए नगर मे लोगों को मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

इस दौरान एस डी एम कोंटा श्रीकांत कोराम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गौरव मंडल, डिप्टी कलेक्टर मधु तेता, बीईओ कोंटा से पी श्रीनिवास राव, प्राचार्य बी एल औरसा, प्रधान अध्यापक टी श्रीनिवास राव एवं संकुल समन्वयक जी मल्लेश एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।



शाला परिसर मे विद्यार्थियों के द्वारा आकर्षक एवं प्रेरणात्मक मतदाता जागरूकता से संबंधित रंगोली भी बनाया गया। शनिवार प्रातःकालीन सत्र एवं बेग लेस डे होने के कारण प्रार्थना सत्र मे येलो हाउस महानदी टीम के विद्यार्थियों के द्वारा आकर्षक एवं रचनात्मक प्रस्तुति से मौजूद अतिथियों का मन मोह लिया। उपस्थित सभी अधिकारियों ने मॉर्निंग असेंबली मे प्रस्तुत कार्यक्रमों की मुक्तकंठ से सराहना किया एवं बच्चों को सम्बोधित करते हुए स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता के लिए प्रेरित किया। एवं विभिन्न रोचक तथा प्रेरणात्मक तरीकों से स्वीप अभियान को सफल करने हेतु मार्गदर्शन दिया। एवं कहा की भारत के लोकतंत्र में आस्था बनाए रखने हेतु बिना भय, लालच एवं निष्पक्ष होकर मतदान करने तथा बिना किसी प्रकार के धन, सामान, खान-पान के वस्तु आदि के प्रलोभन स्वीकार नहीं करने का वचन दिया गया। साथ ही अपना मत किसी भी प्रकार के दबाव में आये बिना शत-प्रतिशत मतदान करने का संकल्प दोहराया। अपने-अपने घरों में मतदान करने वाले अविभावक, पालकों, पड़ोसियों, परिजनों को निष्पक्ष मतदान एवं शत-प्रतिशत मतदान हेतु संकल्पित करने का जागरूकता अभियान आज से निरंतर चलने का कार्य प्राम्भ किया गया है।

### विश्राम भवन में समाज प्रमुखों एवं अधिकारियों के साथ की बैठक

# अनुसूचित जाति के लोगों के अधिकारों के संरक्षण पर आयोग के अध्यक्ष ने दिया जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोण्डागांव, 6 अगस्त।** अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष के पी खांडे ने शनिवार 5 अगस्त को स्थानीय विश्राम भवन में सर्व अनुसूचित जाति वर्ग के पदाधिकारी एवं समाज प्रमुखों के साथ बैठक में अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों ने अपनी मांगे व समस्या को माननीय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग को अवगत कराया गया जिसमें प्रमुख मांगे कोंडागांव जिले में वन अधिकार मान्यता पट्टा देने की मांग, कोंडागांव जिले में अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 100 सीटर बालक बालिका छात्रावास की मांग, कोडागाँव जिले में त्रिस्तरीय पंचायत में जिला पंचायत सदस्य पद हेतु एक सीट आरक्षित करने की मांग, व अनुसूचित जाति वर्ग के लिए सामाजिक भवन की मांग, कोडागाँव जिले में अनुसूचित जातियों के साथ हो रहे अन्याय अत्याचार प्रताड़ना व अन्य मांगे रखी गई आयोग के अध्यक्ष सभी मांग एवं समस्या पर उचित कार्यवाही करने की बात कही गई तत्पश्चात जिले के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति के लोगों के विरुद्ध होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक आदि अत्याचारों से उन्हें न्याय दिलाना आयोग का दायित्व है।

इस दौरान अनूसूचित जाति वर्ग के लोगों के अधिकारों के संरक्षण पर जोर दिया और कहा कि उन्होंने कहा कि कुछ मामले पुलिस हस्तक्षेप योग्य नहीं होते, उन मामलों में भी पीड़ित के अनुसूचित वर्ग के होने पर आयोग द्वारा कार्यवाही की जाती है।



इस वर्ग के लोगों के ऊपर होने वाले अत्याचार के रोकथाम के लिए अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के तहत कार्यवाही करें। इस वर्ग की महिला को अपमानित किए जाने पर या छेड़ छाड़ किए जाने पर पीड़िता को राहत राशि प्रदान की जाती है। बलात्कार, सामूहिक बलात्कार, हत्या आदि मामलों में भी राहत राशि का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा अनुसूचित वर्ग के कर्मचारी के साथ भी उदारता और सद्भावनापूर्वक व्यवहार करने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने इस दौरान अनूसूचित जाति वर्ग के सदस्यों द्वारा रखी गई समस्याओं के त्वरित निराकरण के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में संयुक्त कलेक्टर मनोज केशरिया, चित्रकांत चाली ठाकुर, आदिवासी विकास विभाग की सहायक आयुक्त सुश्री कावेरी मरकाम, परियोजना प्रशासक संकल्प साहू चेतन चंदेल प्रवक्ता लखमुराम टंडन प्रधान संयोजक, एमडी बघेल संरक्षक, धंसराज टंडन जिला अध्यक्ष सर्व अनुसूचित जाति वर्ग, पी एल ठाकरे कोषाध्यक्ष, सानू मारकंडे अध्यक्ष सतनामी समाज, लक्ष्मीनाथ सोनवानी सचिव, रमाकांत महाजन अध्यक्ष बौद्ध समाज, सीएल मेश्राम संरक्षक बौद्ध समाज, ए आर सोनपिपरे, करण कोर्राम अध्यक्ष अंकुरी गाडा समाज, उमेश कुमार सोना अध्यक्ष घासी समाज, मंतोष पोयम उपाध्यक्ष गाडा समाज, राजकुमार सागर, मनमोहन नाग कोषाध्यक्ष उत्कल समाज, गणेश्वर आजाद ब्लॉक अध्यक्ष माकड़ी, अनिल कोराम ब्लॉक अध्यक्ष कोडागाँव, दिनेश कश्यप अध्यक्ष माकड़ी अनुसूचित जाति, संतुराम मरकाम, पुनीत बघेल, शोभा बाज, लक्ष्मीधर पोयम, उत्तम जगत, शिवदास, घसियाराम, संदीप कुमार, संजीव मारकंडे, विजय लहरें, सुनील बघेल, गुरुचरण मारकंडे, शिवप्रसाद कोसले, विशाल बंजारे, अमन सागर, डिकेश मिर्जा, आरबी सिंह, संतोष खुटे, रामायण पात्रे, प्रशांत जांगड़े, लालदास मनहर, प्रभात मारकंडे, लखराज टंडन, सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में हो सकेगी शुद्ध पेयजल की आपूर्ति: लखेश्वर बघेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 6 अगस्त।** जल-जीवन मिशन अंतर्गत आज बस्तर विधानसभा के 3 ग्राम पंचायत भीरलिंगा, मटनार, फरसीगांव, के लिए 306.46 करोड़ रुपए के कार्यो का भूमिपूजन बस्तर विधायक बविप्रा अध्यक्ष लखेश्वर बघेल द्वारा किया।

नल जल योजना के तहत आज ग्राम पंचायत भीरलिंगा, मटनार, फरसीगांव, में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल द्वारा जल जीवन मिशन का भूमिपूजन किया गया इस योजना के तहत घरेलु नल कनेक्शन 1008 घरों को में शुद्ध पेयजल अब प्राप्त होगा

बघेल ने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हो सकेगी इसके साथ ही हमने ऐसी व्यवस्था भी तैयार की है जिससे इस इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए हमेशा



जल उपलब्ध हो सके ग्राउंड वाटर रिचार्ज की नरवा योजना और जल जीवन मिशन के साथ ही शुरू की गई अन्य व्यवस्थाओं के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा सकेगा। आज सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत आज करपावंड, सोनपुर, फरसीगांव, में कुल- 95 सायकल बस्तर विधायक बविप्रा अध्यक्ष लखेश्वर बघेल द्वारा वितरण किया गया बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा की सरस्वती साइकिल योजना से राज्य की लड़कियों का हौसला बढ़ा है, ये योजना छात्राओं के उच्च शिक्षा में सहायक साबित हुई है 'मेरा विश्वास है कि एक शिक्षित महिला एक शिक्षित समाज का निर्माण करती है' 'ये बात मुझे खुशी देती है कि सरस्वती साइकिल योजना छत्तीसगढ़ की लड़कियों का आत्मविश्वास बढ़ा रही है।

सांसद प्रतिनिधि जगमोहन बघेल ने कहा की ये तस्वीर बता रही है कि इन छात्राओं को पढ़ने और बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। अब ये छात्राएं पढ़-लिखकर अपने सपनों को साकार कर सकेंगी। बस्तर विधानसभा के कई ग्राम पंचायतो को ग्राम विकास कार्य हेतु 65 लाख की सौगात दिया जिसमें झारउमरगांव, टीकनपाल, उसरी, घाटलोहंगा, चोकर, विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल द्वारा किया जा रहा हैं।

जिसमें मौजूद रहे जगमोहन बघेल, शिवराम बिसाई, उत्तम नाइक, अर्जुन पांडे, अनुज गुप्ता, बद्रीनाथ जोशी, चम्पावती कश्यप, ज्योति, लालेन्द्र मनोज गुप्ता, सामुराम, जयमन देवांगन, राजेंद्र गुप्ता, हरिश्चंद्र नाग, सुकरूराम, फतेहबहादुर, सत्यभामा, मंगतिन कश्यप, भूदेवी पांडे, लखमी कश्यप, सामो देवांगन, जितेंद्र तिवारी, नीलम कश्यप, राजेश कुमार, तुलसीराम ठाकुर, सुरबाली कश्यप, शुभद्रा सेठिया, एवं समस्त कार्यकर्त्तागण व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### भाजपा गीदम मण्डल कार्यसमिति की बैठक में

# मण्डल एवं बूथस्तर की कार्ययोजना पर की गई चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 6 अगस्त।** भाजपा मण्डल गीदम की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को गीदम मण्डल के ग्राम हीरानार में संपन्न हुई। बैठक में विशेष रूप से भाजपा विधानसभा प्रभारी अरुण सिंह भदौरिया ने आगामी मण्डल एवं बूथस्तर के कार्ययोजना के बारे में मण्डल के पदाधिकारी, शक्तिकेंद्र प्रभारी व बूथ के प्रभारियों से चर्चा कर आगामी प्रदेश द्वारा निर्धारित कार्ययोजना पर चर्चा किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष चैतराम अटामी ने कहा की प्रदेश संगठन भाजपा द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव के दृष्टिकोण से कार्यक्रम तय किया गया है की हम सबको बूथ स्तर तक पहुँच लाभार्थी सम्मलेन करना है और केंद्र सरकार की योजनाओ के बारे में जन जन तक पहुंचाना है साथ ही जनता की मन की बात को सुझाव के माध्यम से प्रदेश स्तर पर न्युक्त घोषणा पत्र समिति तक पहुँचाना है।

प्रदेश मंत्री ओजस्वी मंडावी ने कहा की कार्यकर्ताओ को एकजुट होकर अब सक्रियता से मतदाताओं के बीच पहुँच कर सघन जनसम्पर्क करना होगा जिससे शीर्ष नेतृत्व का जो लक्ष्य है उसे सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा सके। भाजपा मण्डल प्रभारी सुनीता भास्कर ने कहा की 2023 विधानसभा चुनाव को



अब कुछ ही दिन शेष है हम सबको मिल कर तय करना है की जो जिम्मेदारी हमे संगठन ने दी है, उसे दायित्व के तौर पर पूरी सक्रियता के साथ अपने कर्तव्य का निर्वाहन कर पूर्ण करे। भाजपा मण्डल अध्यक्ष राजेश कश्यप ने कहा की गीदम मण्डल के समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्तागण और मेरे साथियो से में आग्रह करता हु की आज आप सबकी उपस्थिति में प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों ने जो कार्यक्रम तय किया है उसे सफलतापूर्वक पूर्ण करेंगे और जो लक्ष्य है जीतेंगे बूथ जीतेंगे विधानसभा उसे पूर्ण करेंगे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा मण्डल महामंत्री शैलेश अटामी ने किया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष चैतराम अटामी, विधानसभा प्रभारी अरुण सिंह भदौरिया, प्रदेश मंत्री ओजस्वी मंडावी, मण्डल अध्यक्ष राजेश कश्यप, जिला महामंत्री धीरेन्द्र प्रताप, नविन विश्वकर्मा, पुतान सिंह कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष सुनीता भास्कर, राकेश कुशवाहा, मनीष सुराना, पायल गुप्ता, अनिल जार्ज, श्याम सिंह, ममता गुप्ता, अंति वेक, संगीता नेताम, लता मरकाम, सुधराम भास्कर, उरदो ठाकुर, शैलेश अटामी, रमेश यादव, किरण ठाकुर, अवधेश गुप्ता, रुद्र कुमार ताती, चैतराम भास्कर, अजय अवस्थी, दिनेश कौशल, मनी उजी, लक्ष्मीनाथ, मासाराम लेकामी, मनबति यादव, मंजू बाला, अजय नागेश, झुम्मक लाल समेत समस्त मण्डल भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्त्तागण उपस्थित हुए।

समाचार संक्षेप

## उपडाकघर नारायणपुर में डाक निर्यात केंद्र का शुभारंभ

### नागरिक अब विदेश भी भेज सकेंगे डाक

**कोंडागांव, 6 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** उप डाकघर नारायणपुर में डाकघर निर्यात केंद्र का शुभारंभ 4 अगस्त शुक्रवार को निदेशक डाक सेवा दिनेश मिस्त्री द्वारा एवं अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग आरपी वर्मा, सहायक अधीक्षक एसके मीना व डीके जैसवाल की उपस्थिति में किया गया। अब ग्राहक विदेश में भी डाक वस्तु का निर्यात कर सकेंगे। निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस प्लेटफार्म को डाक विभाग के बस्तर डिविजन की ओर से शुरू किया जा रहा है। एमएसएमई, हैंडीक्राफ्ट छोटे व्यापारियों को कस्टम क्लीयरेंस के लिए अब दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा। इससे लोगों के समय की बचत होगी। पहले कई दिन लग जाते थे लेकिन इस प्लेटफार्म पर एक से तीन दिन में ही सभी क्लीयरेंस हो जाता है। अब इस केंद्र से यूएसए, कनाडा, यूके ऑस्ट्रेलिया, सउदी, बहरीन, बंगलादेश, जर्मनी सहित अन्य देशों में सामान निर्यात कर सकेंगे। कोंडागांव से विदेश में खेल के सामान जिसमें बैडमिंटन के रैकेट, क्रिकेट बैट, ग्लब्स, चेसबोर्ड, घड़ियां, ब्लूटूथ डिवाइस, हैडफोन, वाइफाई डोंगल, ज्वेलरी आइटम सहित कई चीजों को निर्यात किया जाता है।

**यह सुविधाएं मिलेंगी:** डाकघर निर्यात केंद्र पर पोस्टल बिल ऑफ एक्सपोर्ट के तहत कस्टम क्लीयरेंस के लिए इलेक्ट्रॉनिक अप्रूवल मिलेगी। इसके लिए किसी भी कंपनी को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। कंपनी या किसी भी व्यक्ति को डाक विभाग के साथ एग्रीमेंट करना होता है। इसके लिए निर्यात करने का लाइसेंस भी लेना जरूरी है डाकघर निर्यात केंद्र वर्चुअल प्लेटफार्म है। इसके माध्यम से घर बैठे ही ऑनलाइन एंट्री कर सकते हैं। इस दौरान लेबल जनरेट होगा। इस लेबल को सामान पर चिपकाना होगा। इसकी सूचना कस्टम विभाग को चली जाएगी। किसी प्रकार का कस्टम की ओर से आब्जेक्शन होगा तो ग्राहक को अलर्ट आएगा। इसे ग्राहक ऑनलाइन अपलोड करेंगे वह कस्टम के पास पहुंच जाएगा। इससे काफी सुविधा होगी।

## बेटियों को दी गई अभिव्यक्ति एप की जानकारी



**सुकमा, 6 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला सुकमा में 3 अगस्त को पुलिस मुख्यालय निर्देशानुसार अभिव्यक्ति ऐप महिलाओं व बेटियों की सुरक्षा जागरूक अभियान के तहत एवं पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज पी. सुंदरराज के दिशा निर्देश पर वृक्षारोपण त्यौहार पोदला उरस्कना के तहत सुकमा जिला में पुलिस अधीक्षक किरण चौव्हाण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गौरव मंडल, अतरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम के नेतृत्व में उप पुलिस अधीक्षक पारुल खंडेलवाल एवं निरीक्षक थाना प्रभारी अजाक सुकमा सत्यवादी साहू व अजाक स्टॉफ के द्वारा एकलव्य आदर्श स्कूल बालिका छात्रावास मे प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षिकाओं की उपस्थिति मे बालिकाओं को, प्रोजेक्टर के माध्यम से शॉर्ट मूवी दिखा कर महिलाओ सुरक्षा हेतु प्रदत कानूनी अधिकार, पॉक्सो एक्ट, मानव तस्करी, बाल विवाह, साइबर अपराध, घरेलू हिंसा, एवं नशे से निजात, गुड टच, बेड टच, स्वास्थ्य संबंधी, कैरियर मोटिवेशन एवं यातायात नियम की विस्तृत जानकरी के साथ अभिव्यक्ति ऐप डाउनलोड करवा कर अभिव्यक्ति ऐप की जानकरी देकर जागरूक किया गया। एवं वृक्षारोपण त्यौहार पोदला उरस्कना के तहत टीचर एवं बच्चों के साथ स्कूल एवं आश्रम परिसर में फलदार वृक्षारोपण किया गया!

## उद्योग व आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने तहसील कार्यालय का किया उद्घाटन



**गादीरास, सुकमा, 6 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गादीरास में नव निर्मित तहसील कार्यालय का माननीय कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा जी के कर कमलों के द्वारा फीता काटकर उदघाट्न किया गया। उन्होंने कहा कि तहसील कार्यालय पहले सुकमा होने से लोगो को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

## नई शिक्षा नीति-2020 की तीसरी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में वृहद और सघन पौधारोपण किया

**नारायणपुर, 6 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और वनों की कटाई से निपटने के लिए केंद्रीय विद्यालय नारायणपुर में एक भव्य वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में कई प्रकार के पौधे लगाए गए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में जवाहर नवोदय विद्यालय नारायणपुर के प्राचार्य संजय कुमार मंडल उपस्थित थे राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन ई पी) 2020 की उल्लेखनीय तीसरी वर्षगांठ मनाने के लिए 29 जुलाई 2023 को विशेष कार्यक्रम का आयोजन होने वाला है यह परिवर्तनकारी नीति भारत में शिक्षा परिदृश्य को नया आकार देने और क्रांतिकारी बदलाव लाने में सहायक होगी नई शिक्षा नीति 2020 शिक्षा में बदलाव लाने, समग्र विकास, आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता और नवाचार पर आधारित एक दृष्टिकोण प्रदान करती है यह शिक्षार्थी केंद्रित दृष्टिकोण पर आधारित है छात्रों को सूचना के निष्क्रिय प्राप्त कर्ताओं के बजाय उनकी शिक्षा यात्रा में उनको सक्रिय भागीदारी बनने के लिए प्रोत्साहित करती है नई शिक्षा नीति 2020 परिवर्तन के लिए उत्प्रेरक का कार्य करेगी जो भारतीय शिक्षा व्यवस्था में नवोन्मेषी और प्रगतिशील सुधारों की शुरुआत है जिसने प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक शिक्षक के सभी स्तरों को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में गोठान बना कांग्रेसी भ्रष्टाचार का स्मारक :सुधा

**महासमुंद 6 अगस्त।** भजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में गोठान कांग्रेसी भ्रष्टाचार के स्मारक बन गए हैं। एक गाय के पीछे तीन चरवाहे तैनात हैं। राज्य सरकार एक एक गाय पर 40-40 लाख रुपये खर्च कर रही है। जनता के लिए केंद्रीय मद का पैसा मिला, जिसे कांग्रेस सरकार गोठान की आड़ में कांग्रेस के लोगों पर लुटा रही है। इस सरकार के सारे घोटाले सामने आ रहे हैं। श्रीमती सुधा ने विज्ञप्ति में कहा कि विधानसभा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री के जवाब से यह साबित हो जाता है कि प्रदेश में गोठान योजना पर कुल 1334 करोड़ 65 लाख रुपये खर्च किए जा चुके हैं। जबकि, लावारिस गायों की संख्या सिर्फ 3380 है। जिसका सीधा मतलब यह है कि हर गाय पर लगभग 40 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। सबसे विचित्र बात यह है कि लावारिस गायों की संख्या मात्र 6 जिलों की है। 3380 गाय गोठानों में हैं। प्रदेश में 9303 चरवाहे तैनात हैं। मतलब हर गाय पर यह सरकार 3 चरवाहे रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि 10240 गौठान समितियों का गठन गायों के लिए नहीं, बल्कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के गुजारे के लिए किया गया है। सड़कों पर मवेशी हैं तो यह रोका छेका के नाम पर करोड़ों रुपए कहां जा रहे हैं? हर गाय पर तीन चरवाहे के बावजूद सड़कों पर मवेशियों को रोक नहीं पा रहे। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि गोठानों के बारे में भाजपा विधायकों द्वारा विधानसभा में जानकारी मांगी गई तो 10240 गोठानों का निर्माण करने की जानकारी मिली। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ने कहा कि गौठान घोटाले की जांच बहुत जरूरी है। विधानसभा सत्र के दौरान मिली जानकारी अनुसार इसमें जो पैसा खर्च किया गया, वह सब केंद्र का है।



### तीन दिवसीय संभाग स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ



**बीजापुर 6 अगस्त।** बीजापुर जिला मुख्यालय में स्थित बांसागार के बैडमिंटन कोर्ट में संभाग स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के सदस्य श्री प्रवीण डोंगरे ने इस आयोजन के लिए जिला प्रशासन एवं जिले के खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया और सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने हैतु.प्रोत्साहित किया।इस.कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने सभी खिलाड़ियों को जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दी और मेहनत, लगन और पूरी ईमानदारी से प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया।इस अवसर पर डीएफओ श्री अशोक पटेल सहित जिला खेल अधिकारी श्री दिलीप उईके सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।

### केसीपीएस कुरुद में बच्चों का आयुष्मान कार्ड बनाने लगा शिविर



**कुरुद 6 अगस्त।** जिले में आयुष्मान कार्ड को शत-प्रतिशत बनाने के उद्देश्य को सफल बनाने नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था कलीराम चन्द्राकर पब्लिक स्कूल कुरुद में छात्र-छात्राओं का आयुष्मान कार्ड बनाने शिविर लगाया गया। जिला शिक्षा विभाग से मिले आदेश का पालन करते हुए बच्चों को राशनकार्ड में नाम जुड़वाने , आधार अपडेट करवाने के साथ जिन बच्चों का आयुष्मान कार्ड नही बना है उसका आवश्यक डॉकयुमेंट मंगाया गया था।जिसके तहत इस कार्य को सम्पन्न कराने में बच्चों व पालकों ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया। हिंदी व्याख्याता मुकेश कश्यप ने बच्चों को आयुष्मान कार्ड के महत्व का वर्णन कर इसे बनवाने के लिए कक्षा में अवगत करा दिया था। तदुपरांत प्राचार्य के. मन्जिता ठाकुर के मार्गदर्शन में लगे इस शिविर में बच्चों ने अपनी कर्तव्यनिष्ठता का परिचय देते हुए इसमें सहयोग किया।

### आबकारी अमले ने 20 लीटर महुआ शराब जब्त की

**उत्तर बस्तर कांकेर 6 अगस्त।** कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी सी.खलखो के मार्गदर्शन में जिले में शराब के अवैध विक्रय पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। आबकारी उप निरीक्षक वृत्त कांकेर श्रीमती प्रद्युम्न दुग्गा द्वारा आज कांकेर - भावगीर नवागांव पुल के पास आरोपी देविन पांडे पिता सोमारु द्वारा मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी -9568 से तीन जरीकन में 20 लीटर अवैध हाथ भट्ठी महुआ शराब परिवहन करते हुए पाये जाने पर आरोपी को आबकारी अधिनियम की धारा 34 2 59 क के अन्तर्गत गिरफ्तार कर प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# आधी रात को नगरसेना की टीम ने गर्भवती महिला का रेस्क्यू कर पहुंचाया अस्पताल

- उफनती नदी पार कर नगरसेना की टीम के साथ पहुंचे स्वास्थ्य अमले ने कराया सुरक्षित प्रसव
- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नेलसनार मे जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 6 अगस्त।** जिले मे बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने मैदानी अमला पूरी तरह मुस्तैदी के साथ कार्य कर रही है स्वास्थ्य विभाग के अलावा आपातकालीन स्थिति में विभिन्न विभागों द्वारा संयुक्त रूप से जनहित के कार्यो को अंजाम दे रहे है इसका ताजा उदाहरण भैरमगढ़ ब्लॉक मे देखने को मिला जिसमें समन्वय स्थापित कर स्वास्थ्य विभाग एवं नगरसेना के संयुक्त प्रयास एवं सूझबूझ और तत्परता से दो जिंदगी को जीवनदान मिला घटना इन्द्रावती नदी उस पार सतवा घाट की है जो भैरमगढ़ ब्लॉक के इंद्रावती नदी उस पार सतवा घाट में जहाँ गर्भवती महिला को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू होने लगा उक्त महिला को आठवां महीना चल रहा था।जिसे शाम 6.00बजे अचानक तेज प्रसव पीड़ा होने लगा महिला के परिजनों ने एएनएम श्रीमती सुनीता मरावी को अवगत कराया फिर एएनम द्वारा डोंगी की सहायता से नदी पार करने की सलाह दी गई किंतु विपरीत परिस्थिति को मद्देनजर रखते हुए एएनएम द्वारा संपूर्ण जानकारी बीएमओ को दी गई जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय विधायक श्री विक्रम शाह मंडावी एवं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पार्वती कश्यप सहित विभागीय अमले मौके पर पहुंच कर नगरसेना की टीम को बुलाकर स्वास्थ्य टीम के साथ नदी उस पार भेजा और मौके पर सुरक्षित प्रसव कराया गया अभी जच्चा और बच्चा दोनों सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नेलसनार मे स्वस्थ हैं और डाक्टरों के निगरानी में है गर्भवती महिला के परिजनों ने विधायक विक्रम मंडावी एवं जिला प्रशासन की पूरी टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया जिन्होंने तत्परता पूर्वक सभी व्यवस्थाएं सुलभ कराई और दो जिंदगी का जीवन बचाया।जिले में विपरीत परिस्थितियों में इस तरह की घटनाओ का त्वरित निदान के लिए विभागीय अमला पूरी तरह से मुस्तैद रहते है।

# कृषि केन्द्रों के संचालन में अनियमितता पर 5 को कृषि विभाग ने जारी किया नोटिस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**महासमुंद 6 अगस्त।** कृषि विभाग द्वारा नियमित रूप से जिले में संचालित कृषि केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कीटनाशी निरीक्षक सांकरा ब्रजेश तुरकाने ने शुक्रवार को पिथौरा विकासखंड के ग्राम भगतदेवरी के भविष्य कृषि केन्द्र एवं विकास कृषि केन्द्र तथा ग्राम ढाबाखार के माही कृषि सेवा केन्द्र का निरीक्षण किया। उक्त तीनों केन्द्रों में कीटनाशी स्कंध पंजी संधारण, मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं होने, स्त्रोत प्रमाण पत्र नहीं जुड़वाने के कारण संबंधित फर्मो को कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं नियम 1971 के तहत कारण बताओं नोटिस जारी करके 03 दिवस में जवाब मांगा गया है। इसी प्रकार कीटनाशी निरीक्षक बागबाहरा जीपी शरणागत द्वारा खुशी सेवा केन्द्र भिलाईदादर एवं निषाद कृषि सेवा केन्द्र परसुली का निरीक्षण किया। उक्त दोनों केन्द्रों में स्कंध पंजी संधारण, मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं होने स्त्रोत प्रमाण पत्र नहीं जुड़वाने के कारण उक्त फर्म को भी कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं नियम 1971 के तहत कारण बताओ नोटिस जारी कर 03 दिवस में जवाब मांगा है जवाब संतोषप्रद प्राप्त नहीं होने की स्थिति में उक्त संबंधित फर्म के लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। उपसंचालक कृषि एफ आर कश्यप ने बताया कि अमानक रासायनिक खाद तथा कीटनाशक दवाइयों के विक्रय पर विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है।

### देश बचाने की लड़ाई लड़ रहे राहुल गांधी :अग्नि

**महासमुंद 6 अगस्त।** मानहानि मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाई जाने का स्वागत करते हुए छग राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष व पूर्व विधायक अग्नि चंद्राकर ने कहा है कि जीत हमेशा सत्य की ही होती है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता चंद्राकर ने जारी बयान में कहा है कि मोदी सत्ता देश की तमाम संवैधानिक संस्थाओं को खत्म कर देना चाहती है या अपने राजनीतिक एजेंडे की पूर्ति का साधन बना लेना चाहती है। आम जनता की तकलीफों से इनका कोई सरोकार नहीं, बल्कि समुदायों में नफरत का जहर बोकर वोटों की फसल काटना और सत्ता पर कब्जा रखते हुए चंद पूंजीपतियों के हाथों देश की सारी संपत्तियों को बेचकर देश को आर्थिक गुलामी की ओर धकेलना ही इनका मकसद है। राहुल गांधी देश को बचाने के लिए लड़ रहे हैं, संविधान को बचाने के लिए लड़ रहे हैं, लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ रहे हैं। देश की आम जनता की आवाज उठा रहे हैं। लेकिन अहंकार से ग्रस्त मोदी सत्ता हर उस आवाज को दबा देना चाहती है।

### स्वीप कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक, वादविवाद एवं क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन



**फिंगेश्वर 6 अगस्त।** जिला कलेक्टर गरियाबंद आकाश छिकारा एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार एवं रीता यादव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गरियाबंद व नोडल अधिकारी बुद्धविलास सिंह के मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान शुरू की गई।इसी तारतम्य में जिले के सभी हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूलों में स्वीप कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक,वादविवाद एवं क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरन लाल साहू (नोडल अधिकारी फिंगेश्वर) ने स्वीप कार्यक्रम मनाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि लोगों में जागरूकता फैलाना आवश्यक है कि मतदान करना जरूरी है।देश को ईमानदार नागरिक की आवश्यकता है।भारत देश मे नागरिको को सर्वोच्च माना जाता है।जनतासे महत्वपूर्ण देश मे कोई ताकत नही है।देश की बागडोर सही हाथों में जाए,यह फैसला जनता करती है।मतदान नागरिकों का अधिकार है जिसके दम पर वह सरकार का निर्माण कर सकती है।इसलिए गाँव हो या शहर सभी लोगों को मतदान करना चाहिए।अतः प्रत्येक देशवासी को अपना अनमोल वोट देना चाहिए ताकि सुव्यवस्थित सरकार का गठन हो सके।

## समाचार संक्षेप

### नए मतदाताओं का भाजयुमो कर रही सम्मान



**खरसिया 6 अगस्त।** प्रदेश एवं जिला युवा मोर्चा के निर्देशानुसार भारतीय जनता युवा मोर्चा ज़ोंबी मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा नव मतदाताओं को अभिनंदन पत्र के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है इस अभियान के अंतर्गत ज़ोंबी मंडल की भाजपा युवा मोर्चा प्रभारी जयप्रकाश डनसेना के नेतृत्व में ज़ोंबी मंडल के ग्राम पामगढ़ में जाकर फर्स्ट वोट की अहमियत व महत्व के बारे में जानकारी दें रहे हैं भाजयुमो प्रभारी जयप्रकाश डनसेना ने बताया कि भारतीय जनता युवा मोर्चा के केंद्र सरकार द्वारा युवाओं को मजबूत करने चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी दे रही है नव मतदाताओं को अभिनंदन पत्र देकर सम्मान कर रहे हैं जिसमें मुख्य रूप से भाजयुमो ज़ोंबी मंडल अध्यक्ष दिनेश पटेल जी, ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती दिलेश्वरी राठिया, सरपंच प्रतिनिधि प्रेम राठिया, भाजपा वरिष्ठ नेता श्रीधर पटेल रामनारायण पटेल,मनहरण पटेल ,पधन पटेल, उमेश पटेल,छगन पटेल, प्रदुमन पटेल , वेद प्रकाश राठिया पूरनलाल राठिया संजय डनशेना, हंस कुमार पटेल, प्रियंका पटेल अरुणा पटेल,उपस्थित रहे।

### भागवत कथा श्रवण करने बद्रीनाथ धाम के लिए रवाना हुआ तीर्थयात्रियों का जत्था



**महासमुंद 6 अगस्त।** सावन के पुरुषोत्तम मास में बद्रीनाथ धाम उत्तराखंड में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ कथा का आयोजन 10 से 16 अगस्त तक किया गया है। व्यास पीठ से नगर पुरोहित पंडित पंकज तिवारी बद्रीनाथ धाम स्थित बाबा मस्तनाथ आश्रम में भागवत कथा वाचन करेंगे। कथा प्रवचन दो पालियों में सुबह 10 से 1बजे व संध्या 5 से 7 बजे तक होगा। उक्त जानकारी देते हुए देवेंद्र चंद्राकर व तारा हेमंत चंद्राकर ने बताया कि नगर की सुख-समृद्धि की कामना से 40 जजमानों द्वारा पुरुषोत्तम अधिमास में यह आयोजन चार तीर्थों में से एक बद्रीनाथ धाम में किया गया है। जिसके लिए जजमानों का प्रथम जत्था बस से शनिवार 5 अगस्त दोपहर डेढ़ बजे प्रस्थान किया। उन्होंने कथा श्रवण के लिए सभी नागरिकों को बद्रीधाम आमंत्रित करते हुए बताया कि कथा विश्राम उपरांत तीर्थयात्रियों का आगमन 22 अगस्त की सुबह होगा, सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक स्थानीय टाउनहॉल में नगरवासियों के लिए नगर पुरोहित पं.पंकज तिवारी के सानिध्य में अष्टोत्तर सहस्त्र पार्थिव शिवलिंग निर्माण, महाअभिषेक महाआरती का आयोजन किया गया है। महाआरती उपरांत पार्थिव शिवलिंग की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिन्हें महामाया तालाब में विसर्जन किया जाएगा। जहां सभी भोजन प्रसादी ग्रहण करेंगे।

### भाजपा मंडल की बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों पर मंथन



**बीजापुर 6 अगस्त।** भाजपा भैरमगढ़ मंडल कार्यसमिति की बैठक शनिवार को भैरमगढ़ में मंडल अध्यक्ष चिन्नाराम तेलम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस मंडल बैठक में जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार, जिला उपाध्यक्ष लव कुमार रायडू, जिला महामंत्री सतेन्द्र सिंह ठाकुर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य युवा मोर्चा फूलचन्द गागड़ा भी उपस्थित रहे। मंडल बैठक में जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने बताया कि बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों पर मंथन हुआ तथा आगामी रणनीति भी तय की गई। और बैठक में मंडल कार्यकरिणी व बीएलए 1, बीएलए 2 को विशेष रूप से जानकारी दी गई। जिलाध्यक्ष मुदलियार ने संगठन की रीति-नीति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी संगठन की मजबूती के लिए जुट जाएं। सभी कार्यकर्ता पूरी मेहनत से हर बूथ पर कार्यकर्ताओं से सतत संपर्क शुरू करें। श्री मुदलियार ने बताया कि जनता की सेवा ही हम सभी का कर्तव्य है तथा चुनावी वेला नजदीक है। इसलिए सभी पदाधिकारी संगठनात्मक कार्यों में रात दिन जुट जाए। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही नहीं करें और पदाधिकारियो को जमीनी स्तर पर जनसेवा तथा जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारी से करें, ताकि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ज़्यादा से ज्यादा लोगों को मिले। बैठक में जिला मंत्री हरीश निषाद, रामलाल यादव, दशरथ परबुलिया, मंडल उपाध्यक्ष साई राम वेंजाम, चैतुराम लेकाम, मुन्नुराम लेकाम, घासीराम समरथ, पकलू कोरसा, रमेश समरथ, सोनल गुप्ता सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# सत्यनारायण पटेल को मिला योजना का आर्थिक लाभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**महासमुंद 6 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना के तहत विकासखण्ड महासमुंद के ग्राम जलकी निवासी श्रमिक सत्यनारायण पटेल के खाते में 20 हजार रुपए की राशि प्राप्त हो गई है। यह योजना छत्तीसगढ़ प्रदेश के श्रमिकों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू की गई है। इस योजना के माध्यम से निर्माण श्रमिकों को राज्य सरकार द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। श्रम अधिकारी जीके पांडेय ने बताया कि जिले में इस योजना में 376 श्रमिक सियान पंजीकृत हैं। अब तक परीक्षण उपरांत 244 श्रमिक सियान को 20-20 हजार की एकमुश्त राशि प्रदाय की गई है। शेष श्रमिक सियान के दस्तावेजों का परीक्षण किया जा रहा है।

श्रमिक सत्यनारायण पटेल ने बताया कि वे खेती-मजदूरी का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना की जानकारी मिली और श्रम विभाग में इसका आवेदन किया। श्रम विभाग के सहयोग से सहायता राशि 20 हजार रुपए उनके बैंक खाते में आ चुका है। उन्होंने कहा कि 60 वर्ष की उम्र में निर्माण मजदूरी में शरीर भी ज्यादा मजदूरी करने अक्षम रहता है और लोग भी काम नहीं देते। राज्य शासन की यह योजना हम जैसे श्रमिकों के लिए वरदान बनी है और खाते में 20 हजार रुपए की राशि हमारे और हमारे परिवार के लिए बहुत उपयोगी है। इसके लिए उन्होंने शासन का आभार जताया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना के अंतर्गत 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके निर्माण श्रमिकों को मंडल की सदस्यता से निवृत्त होने से पहले बेहतर जीवन यापन करने के लिए राज्य सरकार द्वारा आर्थिक सहायता के रूप में 20 हजार रुपए एकमुश्त राशि प्रदान की जा रही है। श्रमिकों को इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन या फिर ऑफलाइन आवेदन करना होगा। अधिक राशि प्राप्त कर श्रमिक अपना जीवन यापन उच्च तरीके से कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें किसी अन्य पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी यति यतनलाल विद्वान और दयालु महापुरुष थे:संसदीय सचिव

- शहर के मार्गों को मिल रही नई पहचान
- दो मार्ग का किया गया नामकरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद 6 अगस्त।** शहर के दो प्रमुख मार्गों का नामकरण शनिवार को किया गया। इनमें लोहिया चौक से पिटियाझर मार्ग का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी यति यतनलाल के नाम पर रखा गया है। वहीं गुरुद्वारा के पिछले हिस्से से वेडनर स्कूल तक के मार्ग का नाम स्व. निरंजन सिंह चावला के नाम पर रखा गया है। इन दोनों मार्गों के नामकरण कार्यक्रम का शुभारंभ संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर एवं नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने पार्षदों की मौजूदगी में किया।

नगर पालिका सीमा क्षेत्र के मार्गों को अब पहचान मिलने लगा है। शनिवार को दो मुख्य मार्ग का नामकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने की है। विशेष अतिथि के रूप में वार्ड 13 की पार्षद प्रीति बादल मक्कड़ और पार्षद




महेंद्र जैन थे। विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर एवं नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने पूजा अर्चना कर दोनों मार्गों का नामकरण किया। लोहिया चौक, आश्रम रोड होते हुए पिटियाझर तक मार्ग का नाम यति यतियतन लाल एवं गुरूद्वारा के पीछे से गुरुनानक चौक से वेडनर स्कूल तक सड़क का नाम स्व. निरंजन सिंग चावला के सम्मान में रखा गया है। मार्ग का उद्घाटन अवसर पर संसदीय सचिव विनोद सेवन लाल चन्द्राकर ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी यति यतनलाल एक महान विद्वान और दयालु महापुरुष थे। उन्होंने सामाजिक हित के लिए बहुत से कार्य किए हैं। ढाई वर्ष की अल्पायु में अपने गुरु के साथ रायपुर आए थे। अल्पायु में ही आप गणित और भाषा में प्रवीण हो गए। संस्कृत साहित्य और इतिहास उनका प्रिय विषय था। उन्नीस वर्ष की आयु में दीक्षा ग्रहण की और 1919 में राजनीति से जुड़ गए। शुरू से ही रचनात्मक कार्यों के माध्यम से आप जन-जागरण के लिए निरंतर प्रयासरत रहे, और दलित उत्थान व उन्हें संगठित करने के उद्देश्य से गांव-गांव में घूमकर हीन भावना दूर करने के लिए अथक प्रयास किया। कुरीतियों और बुराइयों से जूझते हुए हर पल आपको विरोध का सामना करना पड़ा, लेकिन साहस और संकल्प के साथ जुटे रहे। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने कहा कि 1930 के सविनय अवज्ञा आंदोलन के प्रचार कार्य में संयोजक तथा नगर प्रमुख के रुप में उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया। श्रीमती महिलांग ने कहा कि महासमुंद तहसील में जंगल सत्याग्रह के आप सूत्रधार रहे तथा गिरफ्तार किए गए। 1933 में आप हरिजन उद्धार आंदोलन के प्रचार में सक्रिय हो गए। महात्मा गांधी के निर्देशानुसार आपने 1935 में ग्रामोद्योग, अनुसूचित जाति उत्थान और हिन्दू-मुस्लिम एकता की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए। स्वतंत्रता आंदोलन में आपने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अनेक बार जेल गए। आप ग्रामीण जनता के उत्थान के लिए सदैव कटिबद्ध रहे और ग्रामोद्योग के महत्व का प्रचार करने में संलग्न रहे। यति यतनलाल श्रेष्ठ वक्ता, लेखक, समाज सुधारक थे। छत्तीसगढ़ में अहिंसा के प्रचार में अविस्मरणीय योगदान दिया है। इस अवसर पर संभापति व पार्षद पवन पटेल, मंगेश टांकसाले, धर्मचंद श्रीश्रीमाल, किशोर चौरड़िया, राजेश लूनिया, मनोज मालू, संजय शर्मा, मूलचंद कोचर, हीरा बंजारे, डॉक्टर गुरुदत्ता, जसवीर सिंह मक्कड़, सोनू चावला, प्रिंस चावला सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## एक नजर

### महुआ शराब बनाकर बेचने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 6 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, प्रशि. उप पुलिस अधीक्षक सुश्री सुशांता लकडा के मार्गदर्शन एवं चौकी प्रभारी बया सउनि देवानंद माथूर के नेतृत्व में चौकी बया पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 5 अगस्त को चौकी बया से प्र.आर. रोशन मारकण्डेय, नारायण अवस्थी, आर. सूरज राजपूत, जयप्रकाश पटेल, अश्वनी ध्रुव, किरण जायसवाल, राहुल ध्रुव की पुलिस टीम द्वारा ग्राम बया में अपने घर परछी में महुआ शराब बनाकर बेचने वाले एक शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से एक हरे रंग के जरीकन में 10, 000 कीमत मूल्य का 50 लीटर हांथ भट्ठी महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध चौकी बया में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

### 10 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 6 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अभिषेक सिंह एवं थाना प्रभारी पलारी निरीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 5 अगस्त को थाना पलारी से प्र.आर. अरशद खान, आर. संतोष कोसले, रूपेश बघेल, अजय नवरंगे की पुलिस टीम द्वारा ग्राम कानाकोट में अपने घर में महुआ शराब बनाकर बेचने वाले एक शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 2000 कीमत मूल्य का 10 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना पलारी में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

# नौकरी लगाने के नाम पर ठगी

## ठगी के आरोपी शिक्षक पर जल्द होगी निलंबन की कार्रवाई

- ठगी करने वाले शिक्षक दिलहरण देवांगन स्कूल से लगातार अनुपस्थित
- जिला शिक्षा अधिकारी बोले तनख्वाह भी कटेगी, निलंबन की भी होगी कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 6 अगस्त।** बलौदाबाजार जिला के कसडोल थाना क्षेत्र के कटगी के रहने वाले शिक्षक दिलहरण देवांगन पर जल्द ही निलंबन की कार्रवाई हो सकती है। दरअसल पेशे से सरकारी शिक्षक दिलहरण देवांगन के खिलाफधारा 420 के तहत रूपए लेकर नौकरी ना लगाने के आरोप में कसडोल थाना में मामला दर्ज है।

आरोपी दिलहरण देवांगन बिलासपुर जिले के कोटा ब्लाक के उमरिया दादर में शिक्षक वर्ग 1 के पद पर पदस्थ है। आपको बताते चलें कि कसडोल थाना में आरोपी दिलहरण देवांगन के विरुद्ध अरुण देवांगन ने अपराध पंजीबद्ध कराया है कि उसने उसकी पत्नी और उसके भाई की नौकरी लगाने के नाम पर, साथ ही ग्राम सरवानी के तीन व्यक्तियों की नौकरी लगाने के नाम पर 20लाख रुपए से भी अधिक की धोखाधड़ी की है। आरोपी दिलहरण देवांगन ने वार्ड बॉय, नर्स, मंडी निरीक्षक के साथ ही वनरक्षक के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी की है।



### कैसे की ठगी

आपको बताते चलें कि आरोपी दिलहरण देवांगन ने प्रार्थी अरुण कुमार देवांगन से उसके भाई किशोर कुमार देवांगन को वार्ड बॉय की नौकरी एवं पत्नी प्रमिला देवांगन को नर्स की नौकरी लगाने के नाम पर 11 लाख रुपये की धोखाधड़ी की थी साथ ही ग्राम सरवानी निवासी दीपांशु कोसले को वन संरक्षक के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर 4 लाख रूपए और राकेश कोसले से वन संरक्षक के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर 4 लाख रुपए लिए थे। यशवंत बंजारे से मंडी निरीक्षक के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर 4 लाख 50 हजार रुपए आरोपी द्वारा लिया गया था।

### क्या कहा जिला शिक्षा अधिकारी ने

मिली जानकारी के अनुसार एफआईआर दर्ज होने के बाद से आरोपी शिक्षक दिलहरण देवांगन स्कूल नहीं जा रहा है। ऐसे में स्कूली बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है! इस मामले को लेकर बिलासपुर के जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार कौशिक ने कहा कि आरोपी शिक्षक के गिरफ्तार होते ही 24 घंटे के अंदर निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही स्कूल ना जाने की बात पर जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि उसकी तनख्वाह नहीं बनेगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक की लगातार अनुपस्थिति पर कहा कि शिक्षक बिना कारण बताए स्कूल नहीं जा रहा है तो शासन के नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस के हाथ अब भी खाली

बलौदाबाजार जिला के कसडोल थाना की पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। दरअसल 29 जून 2023 को कसडोल थाने में अरुण कुमार देवांगन ने पेशे से शिक्षक दिलहरण देवांगन को रुपये लेकर नौकरी नहीं लगाने का आरोप लगाया था जिस पर कसडोल थाना में 29 जून को ही आईपीसी की धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया था। एफआईआर दर्ज होने के 36 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। ऐसे में पुलिस की कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

### पुश्तैनी जमीन को गिरवी रख कर दिया था रुपया

प्रार्थी अरुण कुमार देवांगन ने अपने भाई और पत्नी की नौकरी लगाने के लिए आरोपी दिलहरण देवांगन को अपनी पुश्तैनी जमीन को गिरवी रख कर रूपया दिया था, बावजूद इसके ना तो उसके भाई और ना ही उसकी पत्नी की नौकरी लगाई गई और ना ही उसका रुपया वापस किया गया। ऐसे में पीड़ित पक्ष अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है और पुलिस द्वारा न्याय नहीं मिलने पर गृह मंत्री से मुलाकात कर उनसे शिकायत व कार्यवाही करवाने की बात कह रहा है।

## समाचार संक्षेप

### लगातार बारिश से खेती में आई तेजी किसानों में दिख रहा है उत्साह



**कसडोल, 6 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कसडोल नगर पंचायत सहित अंचल में लगातार कुछ दिनों से हुई बारिश के बाद शनिवार को मौसम कुछ साफहुआ। वहीं बारिश रुकते ही कृषि कार्य फिर से प्रारंभ हो गया और किसान अपने खेतों में पहुंच बियासी, निंदाई सहित कृषि कार्यों में जुट गए हैं। ज्ञात हो कि क्षेत्र में धान बोआई के बाद किसान खाद की व्यवस्था में व्यस्त रहे। इस बीच पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश के कारण कृषि कार्य रुक गया था लेकिन बारिश थमते ही और मौसम कुछ साफहोते ही किसान अपने कृषि कार्य में लग गए हैं। शनिवार को कई किसानों को सुबह से ही बियासी और निंदाई का कार्य करते देखा गया। इसके पहले किसान, सोसायटियों से यूरिया/डीएपी सहित अन्य खाद् का इंतजाम करने के लिए लगे हुए थे। हालांकि कई जगह अभी भी डीएपी और यूरिया की कमी बतलाई जा रही है। इस संबंध में कसडोल नगर पंचायत के किसान भरतलाल, विष्णु प्रसाद, संतोष, बद्रीप्रसाद, बाबूलाल साहू ने बतलाया कि यूरिया खाद तो मिल रहा है पर डीएपी की कमी है। जिसके कारण किसान परेशान है, वही इस संबंध में सोसायटी में संपर्क करने पर, शीघ्र ही उपलब्ध हो जाने की बात कही गई है।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया न्याय पथिक पत्रिका का विमोचन



**बलौदाबाजार, 6 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार ने विधिक जानकारी संबंधित पुस्तक 'न्याय पथिक का विमोचन सभाकक्ष में किया गया। उक्त पुस्तक में प्राधिकरण का संक्षिप्त परिचय, बचाव का नया आलम लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम, साइबर क्राइम, दूसरी पत्नी एवं उसके बच्चो को प्राप्त कानूनी अधिकार, कार्यालय पर महिलाओ का योन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं निवारण अधिनियम 2013, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सदस्यों का उत्पीड़न रोकने संबंधी कानून, अभिरक्षाधीन बंदीयों के संवैधानिक एवं विधिक प्रावधान क्या क्या है सभी का स्पष्ट उल्लेख पुस्तक में किया गया है ताकि जन-जन को इसका लाभ मिल सका। विजय कुमार एक्का (अध्यक्ष/जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलौदाबाजार) ने कहाँ न्याय पथिक पुस्तक के माध्यम से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (ङ्ग्रस्न्न्ल्र), राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ॐस्न्न्ल्र) के दिशा निर्देश एक की कल्याणकारी 7 योजना के संबंध मे जानकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा किये जाने वाले कार्यों की एक झलक प्रस्तुत की जा रही हैं। वहीं उक्त पुस्तक के संबंध में सुश्री मयूरा गुप्ता सचिव एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट ने कहाँ जहाँ इस न्याय पथिक पुस्तक के माध्यम से जहा सूरज की किरण पहुँचती हैं वहाँ तक के लोगो को न्याय पहुँचाना हमारा उद्देश्य हैं इससे लोगो तक न्याय के प्रति जन जागरूकता फैलेगी और समाज को इसका लाभ मिलेगा।

# दोनो पैरों से विकलांग फिरतीन यादव ने की प्रशासन से बैटरीचलित ट्राईसिकल की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 6 अगस्त।** बलौदाबाजार जिला से 25 किमी दूर पर बसे ग्राम पंचायत चिचिरदा में अपने दोनो पैरो से विकलांग 50 वर्षीय फिरतीन यादव अपने हाथों को ताकत बनाकर चलने पर मजबूर है।

शासन-प्रशासन की योजना के अन्तर्गत एक हाथ साईकिल एवं एक बैटरी चलित ट्राईसिकल का लाभ मिल चुका है। लेकिन समय के साथ-साथ दोनों (हाथ व बैटरी चलित ट्राईसिकल) जर्जर होकर खराब हो गए है।



> शासन की योजना के तहत फिरतीन यादव को 35 किलो चावल तथा पेंशन मिलता है। उसके पास ट्राईसिकल था। शायद वह खराब हो गया होगा। उसको पुनः ट्राईसिकल का लाभ दिलाने के लिए प्रयास किया जायेगा।
>
> **रामलाल पैकरा, सरपंच, ग्राम पंचायत चिचिरदा**

वर्तमान में बैटरी चलित ट्राइसिकल नहीं होने की वजह से दोनो पैरों से विकलांग महिला फिरतीन यादव को आने जाने में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। दिव्यांग होने के चलते अपने दोनो हाथों में चप्पल का सहारा लेकर कीचड़ भरे मार्ग पर चलने को मजबूर हो गई है।

दिव्यांग फिरतीन ने इस संवाददाता को बताया कि उसे पहले हाथ से चलाने वाला ट्राईसिकल मिला था जो पूरी तरह से खराब हो गया है। चलने लायक नहीं बचा है। दूसरी बार बैटरी चलित ट्राईसिकल मिला था वो भी समय के हिसाब से खराब पड़ा हुआ है। उसे शासन की योजना के तहत 35 किलो चावल और पेंशन मिलता है। उन्होंने बताया कि उनका जीवन बहुत ही संघर्ष भरा है। वह दो चप्पलों को अपने दोनो हाथों पर रखकर हाथ के सहारे चलने पर मजबूर हो गई हैं। वर्तमान में उनकी जिन्दगी नर्क के समान हो गई है। कहीं कुछ काम के लिए जरूरत होने पर कीचड़ भरे मार्ग से होकर जाना पड़ता है। उनका कहना है कि शासन की योजना के तहत उसे एक बार और बैटरी चलित ट्राईसिकल मिल जाये तो उसको दैनिक जीवन जीने में आसानी होगी।

### 15 लीटर महुआ शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 6 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार पुलिस ने अवैध महुआ शराब के साथ महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार 5 अगस्त की सुबह 10.30 बजे लगभग चौकी गिरोधपुरी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला की ग्राम माहराजी की सुमन साहू अपने घर के बाड़ी में भारी मात्रा अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री करने हेतु छिपाकर रखी है की सूचना पर चौकी गिरोधपुरी पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम महराजी सुमन साहू के घर बाड़ी पहुंचकर घेराबंदी रेड कार्यवाही किए सुमन साहू अपने पास दो नग प्लास्टिक के पानी बोतल में महुआ शराब रखे मिली जिसे कड़ाई से पूछताछ करने पर अपने बाड़ी में जमीन के नीचे महुआ शराब छिपाकर रखना बताई जमीन के नीचे से 13 नग 1-1 लीटर वाली प्लास्टिक के पानी बोतल में कुल 13 लीटर महुआ शराब को निकाली इस तरह आरोपिया सुमन साहू के कब्जे से कुल 15 लीटर महुआ शराब कीमती 3000 रूपए को जप्त कर आरोपीया को विधिवत् गिर0 कर आरोपी के विरुद्ध आब0 एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपिया को न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। उक्त कार्रवाई में चौकी प्रभारी नवीन शुक्ला, प्रधान आरक्षक जितेंद्र कुमार साहू, महिला आरक्षक कुंवारिया पैकरा, आरक्षक शिव कुमार पाटले, कार्तिक केश्वर कश्यप, कुमार ध्रुव, लक्ष्मी कोसले, लखेश्वर पुरैना, मनोज पटेल की सराहनीय भूमिका रही।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से सभी किसानों को लाभान्विच करने के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 6 अगस्त।** कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर उपसंचालक कृषि दिलीप कुमार द्वारा आज विभागीय कामकाज की समीक्षा की गई। जिसमें सभी मैदानी कर्मचारी एवं अधिकारियों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से सभी किसानों को लाभांवित करनें के निर्देश दिए गए है। गौरतलब है कि शासन द्वारा खरीफ 2023 हेतु प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत प्रीमियम जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2023 से बढ़ाकर 16 अगस्त कर दिया गया है, इस योजना का लाभ अधिक से अधिक कृषकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से कृषि विभाग तथा जिले हेतु अधिसूचित फसल बीमा कंपनी, एचडीएफसी.इरगो, के संयुक्त तत्वावधान से कृषि विभाग के मैदानी अमलों को प्रशिक्षण दिया गया। बीमा कंपनी के प्रतिनिधि राजेश गुप्ता द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संबंध में शासन द्वारा जारी दिशानिर्देश एवं इसके क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उपसंचालक कृषि दीपक कुमार नायक द्वारा भी इस संबंध में मैदानी अमलों को निर्देशित किया गया है की वे अपने क्षेत्र में कृषकों के मध्य प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का वृहद प्रचार प्रसार करें, जिससे 16 अगस्त के पूर्व जिले के शत प्रतिशत कृषकों को फसल बीमा के दायरे में लाया जा सकें तथा कृषकों को फसल बीमा का अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

### कृषि वैज्ञानिकों ने दी तकनीकी सलाह

कार्यक्रम में जिले के कृषि विज्ञान केंद्र, भाटापारा के वैज्ञानिकों द्वारा भी कृषि विभाग के अधिकारियों को खरीफपूर्व प्रशिक्षण दिया गया जिसमें कृषि संबंधित अद्यतन तकनीकी जानकारी तथा सम सामयिकी सलाह दिया गया। कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक अंगद सिंह राजपूत द्वारा खरीफफसलों में निंदा नियंत्रण, प्रमुख रोग तथा कीट व्याधि नियंत्रण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। विषय वस्तु विशेषज्ञ स्वाति ठाकुर मिर्झा द्वारा खरीफफसलों के पोषक तत्वों का प्रबंधन एवं महत्व के बारे में बताया गया। विषय वस्तु विशेषज्ञ सविता राजपूत द्वारा खरीफ मौसम में धान की मेड़ों का समुचित उपयोग कैसे करें इसकी जानकारी दी गई। तथा जानकारी को अपने क्षेत्र में अमल में लाने तथा कृषकों तक जानकारी को पहुंचाने की अपील की गई।

## आयोजन



**तिल्दा-नेवरा, 6 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 508रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास के अंतर्गत तिल्दा नेवरा स्टेशन में भी रेलवे विभाग द्वारा शिलान्यास समारोह के मुख्य अतिथि विधायक प्रमोद शर्मा विशेष अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मति लमीक्षा गुरु डहरिया रेलवे मंडल के वरिष्ठ अधिकारी तिल्दा नेवरा स्टेशन परिसर के अधिकारी बीजेपी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।


### न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगाँव

रा.प्र.क्रमांक-202307092100029
अ/ 6 (अ) वर्ष 2022-23

## ईश्तहार

एतद् सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय लाल वल्द पंचू जाति सतनामी निवासी ग्राम देवकट्टा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगॉव (छ.ग.) द्वारा ग्राम देवकट्टा प.ह.न. 18 रा.नि.म. बेलगाँव में स्थित खसरा नम्बर 131/2 में 0.33 एकड़/0.133हे. कृषि भूमि है, उक्त भूमि खसरा 131 को आवेदक विजय लाल के पिता ने दो हिस्सा क्रय किया है। एक हिस्सा को रुपेश कुमार कुर्रे के द्वारा झनक लोगों से क्रय किया है। अनावेदक रुपेश कुमार कुर्रे ने दिनांक 22.09.2018 को 0.17 एकड़ भूमि ख. न. 131/1 को क्रय किया जिसका चौहदी विक्रय पत्र में पूर्व में खैरागढ़ आम रोड, पश्चिम में सुखदास/बिसेलाल, उत्तर में बाड़ी (शिवपूरी खार) दक्षिण में विजय/पंचू का भूमि स्थित है। विक्रय में स्पष्ट रूप से चौहदी उल्लेखित है, रजिस्ट्री की प्रतिलिपि दिनांक 14.06.2023 को प्राप्त करने पर आवेदक को ज्ञात हुआ कि नक्शा में त्रुटि हो गया है। आवेदक की भूमि सड़क से लगा हुआ है। अतः नक्शे में सुधार किये जाने का निवेदन किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 23.08.2023 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह आज दिनांक 02.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर से अभिकरण की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़

### न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202308092200005

विषयः- अ-6
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2022-2023

**मुंदगांव प.ह.न. 00032 [ (हे.) ]**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-वाजित्या साहू,**
**अनावेदक पक्षकार-**

## ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक वाजित्या साहू आ. पन्नालाल साहू जाति तेली निवासी ग्राम मुंदगाँव तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि ग्राम मुंदगाँव प.ह.न. 32 में स्थित खाता क्रमांक 237 में ख.न. क्रमशः 110/5, 391/1, 496/6, रकबा क्रमशः 0.142, 0.053, 0.305 हे. भूमि दीपक, पिता रामधीन जाति लोहार सा. मुंदगांव के नाम के पर दर्ज व स्थित है। भूमिस्वामी दीपक द्वारा ख.न. 391/1 रकबा 0.053 हे. में से 0.04 एकड़/0.016 हे. लगान 0.05 रूपये दिनांक 08.05.2023 को पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से आवेदक वाजित्या साहू क्रय किया है। अतः आवेदक वाजित्या साहू द्वारा आवेदित/क्रय किया गया भूमि पर से विक्रेता का नाम विलोपित कर अपना नाम दर्ज किये जाने निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 18.08.2023 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/08/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़


## कलेक्टर चंदन कुमार ले रहे है पल-पल की जानकारी, सहायता के लिए कंट्रोल रूम स्थापित व नम्बर जारी

# बाढ़ संभावित पुल पर आवागमन रोकने प्रशासन की टीम तैनात, कराई जा रही मुनादी

**बलौदाबाजार, 6 अगस्त।** कलेक्टर चंदन कुमार ने जिले में हो रही लगातार वर्षा एवं बाढ़ की सम्भावित स्थिति को देखते हुए नागरिकों से सुरक्षित रहने की अपील की है। वह लगातार स्थिति पर नजर बनाएं हुए है। सम्बंधित अधिकारियों से पल पल की जानकारी लेते हुए बाढ़ तथा आपदा से बचाव के संबंध में आवश्यक निर्देश देंगे। कलेक्टर ने सेमरिया, अमेठी घाट सहित अन्य पुलों के ऊपर से पानी बहने की स्थिति को देखते हुए प्रशासन की टीम को तैनात रहने और बाढ़ वाले सम्भावित स्थानों में लगातार मुनादी करने के निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त जिलें के सभी बाढ़ संभावित पुल पर आवागमन भी रोक दी गई है। बाढ़ और अप्रिय स्थिति से निपटने हेतु एवं नागरिकों की सुरक्षा के लिए आपदा नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी जो कि 24 घण्टा सक्रिय रहेगा जिसका हेल्पलाइन नम्बर - 07727-222454 है।



जिसमे विभिन्न अधिकारियों की रूटीन में ड्यूटी लगाई गयी है। जिले के आम नागरिकों को बाढ़ से किसी भी तरह की समस्या होती है तो उक्त नम्बर से सहायता ले सकते है। साथ ही आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकतें है। कंट्रोल रूम के नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोण्डे 94255-23514, सहायक नोडल अधिकारी विकास गढ़ेवाल 90396-64487 पुलिस नियंत्रण कक्ष 62621-55100 जिला चिकित्सालय नियंत्रण कक्ष 07727-223532 जिला सेनानी नगर सेना- 72229-20390 जारी किया गया है। कलेक्टर चंदन कुमार ने सभी नागरिकों से भी अपील की है कि वे सतर्क रहें और न ही पुल पार करे और बाढ़ वाले क्षेत्रों में न जाए। उन्होंने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को सतर्कता बरतने और किसी भी स्थिति से निपटने तैयार रहने निर्देश दिया है। गौरतलब है कि जिले में लगातार हो रही बारिश से शिवनाथ एवं महानदी में बाढ़ जैसे हालत बन रहे हैं। जिससे नदी के निचली गांवों में पानी भरने से बाढ़ की स्थिति बन रही है। लोगो को आवश्यकता अनरूप सुरक्षित जगह में पहुँचाया जा रहा है। शिवनाथ नदी में सेमरिया पुल के ऊपर लगभग 7 फीट पानी आ चुका है, सेतु में बैरिकेडिंग व ड्यूटी लगा कर दोनों तरफसे आवागमन बंद करा दिया गया है। इसके साथ ही सभी जगह प्रशासन सतर्क है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारी कर ली गयी है। अभी तक जान माल के नुक़सान की सूचना नही है।

### तहसीलदारों एवं एसडीएम को फील्ड में रहने के दिए निर्देश

कलेक्टर चंदन कुमार ने सभी तहसीलदारों एवं एसडीएम को फील्ड में रहने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि आप सभी वस्तु स्थिति पर नजर बनाए रखें खासकर नदी तट एवं निचली इलाको में। वर्षा एवं बाढ़ की पानी से यदि किसी के जान माल की हानि होती है तो तत्काल राहत प्रकरण बनाकर जिला कार्यालय को सूचित करें। उक्त कार्य मे किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद् दल्लीराजहरा जिला-बालोद (छ.ग.)

फोन नं./फैक्स नं. 07748-286524 ई-मेल : mcdallirajhara@rediffmail.com

क्रमांक/1462/लो.नि.वि./नि.आ.सू./2023-24, दल्लीराजहरा, दिनांक 03.08.2023

## 'मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा क्षेत्रांतर्गत मान. मुख्यमंत्री जी के घोषणा अनुसार निम्नांकित कार्यों के लिए सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से पी.डब्ल्यू.डी. एस.ओ.आर. 01.01.2015 भवन, सड़क एवं विद्युत एस.ओ.आर. 01.06.2020 प्रचलित एस.ओ.आर. में कम या समान अथवा अधिक प्रतिशत दरों पर निविदा प्रपत्र 'A' में त्रि-लिफाफा पद्धति के माध्यम से स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से दिनांक 28.08.2023 को समय अपरान्ह 3:00 बजे तक मुहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि :- 10.08.2023 समय 4:00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 22.08.2023 समय 4:00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि :- 28.08.2023 समय 3:00 बजे तक
4.निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि :- 28.08.2023 समय 4.00 बजे तक

| क्र. | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | समयावधि |
|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्रं. 14 में जीवन निर्मलकर घर के पास सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य | 19.41 | कार्यादेशा-नुसार |
| 2. | वार्ड क्र. 20 देवार पारा में सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य | 19.41 | |

टीपः- उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के संबंधित विभाग से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा**

# शायद मुझे निकाल कर पछता रहे हैं आप महफ़िल में इस ख्याल से फिर आ गया हूं मैं



मोदी सरनेम मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बड़ी राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि जब तक राहुल गांधी की अपील का निपटारा नहीं हो जाता है तब तक उनकी दोषसिद्धि पर रोक रहेगी।अब राहुल गांधी सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्पीकर तक पहुंचाएंगे और वह इसी सत्र से संसद में दिखाई दे सकते हैं। फैसला देते हुए सुको ने सवाल उठाया कि वह जानना चाहता है कि इस मामले में अधिकतम सजा क्यों दी गई! सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर जज 1 साल 11 महीने की सजा देते तो वह (राहुल गांधी) अयोग्य घोषित नहीं होते। जस्टिस बी आर गवई की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने कहा कि यह सही है कि इस तरह के बयान अपमानजनक और मानहानि के हैं। गौर करने वाली बात यह है कि पीठ ने अपने फैसले का आधार यह दिया है कि बयान राहुल गांधी ने दिया तो उसकी सजा आम जनता (वायनाड की) क्यों भुगते और उनकी आवाज संसद तक क्यों न पहुंचे। ऐसे समय में जबकि संसद का सत्र चल रहा है।

### रमेश बैस की सक्रियता की हो रही है चर्चा



छत्तीसगढ़ में क्या सक्रिय राजनीति में रमेश बैस की वापसी हो रही हैज्!हाल ही मुंबई गये छ्ग के विधायकों को राजभवन में भोज पर आमंत्रित करना, महाराष्ट्र के राज्य पाल बनने के रायपुर में कई बार आगमन और सर्व समाज द्वारा नागरिकअभिनन्दन, अखबारों में बड़े बड़े विज्ञापन,भाजपा नेताओं द्वारा अभिनन्दन कार्ड का बड़ी संख्या में वितरण, बैस के इस बार रायपुर आगमन पर विमानतल में छ्ग भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर,अध्यक्ष अरुण साव,बृजमोहन अग्रवाल जैसे बड़े नेताओं की मौजूदगी के क्या मायने हैं? वैसे देश के वरिष्ठ सांसदों में एक रहे रमेश बैस को 2014 में मोदी मंत्रिमंडल में शामिल नही करना,2018 में प्रत्याशी नहीं बनाना फिर राज्यपाल बनाना भी देखना होगा? उनके सक्रिय राजनीति में लौटने की कांग्रेस भी टोह ले रही है।छ्ग में क्या बैस एक चेहरा बन सकते हैं भाजपा काज.? अर्जुन सिंह,मोती लाल वोरा भी तो राज्यपाल बनने के बाद सक्रिय राजनीति में लौटे थे। खैर बैस ने नगर निगम रायपुर के ब्राम्हण पारा वार्ड मेंबर चुनाव से अपनी राजनीतिक पारी शुरू की, फिर मंदिर हसौद से विधायक बने,उसके बाद रायपुर लोकसभा से 7 बार सांसद बनते रहे,अटल बिहारी मंत्रिमण्डल के हिस्सा बने,बाद में त्रिपुरा झारखण्ड होकर अब महाराष्ट्र के राज्यपाल बने हैं।दिग्गज कांग्रेसी पूर्व मुख्यमंत्री श्यामाचरण शुक्ला,पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ला, वर्तमान सीएम छ्ग भूपेश बघेल, सत्यनारायण शर्मा, धनेन्द्र साहू आदि को लोकसभा में पराजित करने वाले रमेश बैस,तीन राज्यों के राज्यपाल बनने का रिकार्ड अपने नाम कर चुके हैं।






### हीरा खदान और कोर्ट का स्थगन

छत्तीसगढ़ के विषय में पहले मुख्य मंत्री स्व. अजीत जोगी कहा करते थे अमीर धरती गरीब लोग। फिर हम केंद्र सरकार की दया पर क्यों निर्भर रहें। केंद्र और राज्य में अलग-अलग दल की सरकारें हैं जाहिर है कि इन के बीच राजनीति जरूर होती रही है। जीएसटी का समय पर हक का पैसा नहीं देने का मुद्दा उठता रहा है। ऐसे में छ्ग को स्वयं आत्मनिर्भर होना होगाज्छत्तीसगढ़ को प्रकृति ने बड़ी फुरसत से गढ़ा है। यहां 44 फीसदी क्षेत्र वनों से परिपूर्ण है।छत्तीसगढ़ में हीरा की किम्बर लाईट पाईप होने की पुष्टि हो चुकी है। गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र में हीरा खनिज की मातृशिला किम्बर लाइट की 6 पाईप लाईन बेहराडीह,पायलीखंड, जांगड़ा, कोरोमाली, कोसमबुड़ा एवं बेहराडीह क्षेत्रों में होने की संभावना प्रकट की गई है,बेहराडीह और पायलीखंड में तो किम्बर लाइट पाईप में हीरा होने की पुष्टि भी हो गई है। वैसे राज्य के पहले मुख्यमंत्री अजीत जोगी के कार्यकाल में 2002-2003 में एक निजी कंपनी के हीरा पूर्वेक्षण खनन लायसेंस को निरस्त कर दिया गया था और संबंधित कंपनी हाई कोर्ट बिलासपुर जाकर स्थगन ले लिया था। उसके बाद प्रदेश में 15 साल तक एक ही पार्टी भाजपा की सरकार रही,केवल एकमात्र डॉ. रमन सिंह मुख्यमंत्री रहे और बिलासपुर उच्च न्यायालय में इस मामले में पेशी दर पेशी ही चलती रहीज।15 साल की भाजपा की सत्ता को 68 (उपचुनाव के बाद 71) सीटे जीतकर भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार बन गई है। साढ़े 4साल से अधिक समय हो चुका है और अगला विस चुनाव भी नवम्बर में होना है।पर हीरा पूर्वेक्षण खनन के मामले में न्यायालय में कुछ प्रगति हुई है ऐसा लगता नहीं है।छत्तीसगढ़ राज्य बना था तो इसे करमुक्त राज्य बनाने का सपना दिखाया गया था उसका क्या हुआ। वैसे भी पिछले कुछ सालों से केंद्र राज्यों के संबंध लगातार बिगड़ते जा रहे हैं ऐसे छत्तीसगढ़ कोआत्मनिर्भर बनाने गर्भ में छिपा हमारा हीरा बड़ी भूमिका निभा सकता है। सवाल यह भी उठ रहा है कि आखिर करीब 20 सालों से बिलासपुर उच्च न्यायालय में लंबित हीरा मामला किस स्थिति में है, मामले के निराकरण में आखिर क्या दिक्कतें है। भूपेश बघेल को चाहिए कि कुछ बड़े वकीलों का पैनल बनाकर इस लंबित मामले का निराकरण कराना चाहिये उन्हें लिए व्यक्तिगत रूचि भी लेनी होगी।

### बस्तर का किसान खरीदेगा हेलीकाप्टर

बस्तर में सफेद मूसली और काली मिर्च के सबसे बड़े किसान डॉ. राजाराम त्रिपाठी अब खेतों की देखभाल के लिये हेलीकॉप्टर खरीदने जा रहे हैं।डॉ. राजाराम त्रिपाठी चार बार के सर्वश्रेष्ठ किसान पुरस्कार से सम्मानित हैं।वे बस्तर के कोंडागांव और जगदलपुर में सफेद मूसली,काली मिर्च और स्ट्रोविया की फसल की खेती करते हैं।त्रिपाठी



का पूरा परिवार खेती-बाड़ी करता है।अब यह किसान 7 करोड़ रुपये में नया हेलीकॉप्टर खरीदने जा रहा है।हॉलैंड की रॉबिंसन कंपनी से उन्होंने डील भी कर ली है।क्र44 मॉडल का 4 सीटर,हेलीकॉप्टर खेती-किसानी के उपयोग में लाया जाता है।विशेष संसाधनों से युक्त यह उड़नखटोला डेढ़ से दो साल के भीतर बस्तर पहुंच जाएगा।डॉ. राजाराम त्रिपाठी वर्तमान में 25 करोड़ रुपये वार्षिक टर्नओवर वाले मां दंतेश्वरी हर्बल समूह के सीईओ हैं और 400 आदिवासी परिवार के साथ एक हजार एकड़ में सामूहिक खेती कर रहे हैं. यह समूह यूरोपीय और अमेरिकी देशों में काली मिर्च का निर्यात कर रहा है।कोंडागांव के रहने वाले राजाराम त्रिपाठी सफेद मूसली और जैविक खेती के लिए भी जाने जाते हैं. उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ट्रिक के साथ काली मिर्च की खेती के लिए प्राकृतिक ग्रीन हाउस तकनीक भी विकसित की है, जिससे 40 वर्षो तक प्रति एकड़ करोड़ों रुपये की आय की प्राप्त की जा सकती है।राजाराम त्रिपाठी बस्तर के ऐसे पहले किसान बनेंगे, जिनके पास खुद को हेलीकॉप्टर होगा।

### अंकित गर्ग को सरगुजा रेंज की कमान

दंतेवाड़ा में एसपी पदस्थापना के दौरान पहली बार नक्सलियों के आर्थिक मददगारों पर शिकंजा कसने, नगदी जप्त करनेवाले,सोढ़ी सोनी पर कड़ी कार्यवाही करने वाले मूलतज्उत्तर प्रदेश निवासी, इंजीनियर,सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अंकित गर्ग 2004 बैच के आईपीएस हैं। छग के बीजापुर, महासमुंद में पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थ रह चुके हैं।गर्ग वर्ष 2016 से मई 2023 तक प्रतिनियुक्ति पर एनआईए में अपनी सेवाए दी हैं । मई 2023 में प्रतिनियुक्ति से वापस आने के पश्चात पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय रायपुर में कार्यरत रहने के उपरांत इन्हें सरगुजा रेंज की कमान सौंपी गई है।



### और अब बस...

» भाजपा के राष्ट्रीय संगठन में पद प्राप्त नेताओं को क्या विस प्रत्याशी नहीं बनाया जाएगा?
» छग के दो जिलों के एडीशनल एसपी की क्या अदला-बदली होगी? एक से वर्तमान आईजी काफ़ी नाराज हैं?
» किस आईपीएस की शिकायत फिर से गृह मंत्री अमित शाह से की गई है?

# महापौर जी,जरा इधर भी तो गौर फरमाईए

### सदर बाजार में यहां से वहां तक गड्ढे व कीचड़

**रायपुर 6 अगस्त।** प्रदेश का सबसे बड़ा सराफा बाजार सदर बाजार इन दिनों नगर निगम प्रशासन की कृपा से 'गड्ढे' में चला गया है। आजाद चौक से कोतवाली चौक फिर मालवीय रोड से जयस्तंभ चौक तक सड़क है ही नहीं। पहले अमृत मिशन के तहत जलवाहिनी बिछाने सड़क को यहां से वहां तक खोदा गया। फिर बिजली केबल डालने दूसरी तरफ खोद दिया गया। इस दोहरी खुदाई से सड़कें ही गायब हो गई है। इन मार्गों पर वाहन चलाना तो दूर पैदल चलना भी अमरनाथ की यात्रा हो गई है। करेला उस पर नीम चढ़ा यह कि बारिश के कारण पूरी सड़क कीचड़युक्त हो गई है। गड्ढों में जगह-जगह पानी भर गया है। इससे वाहनों के जरिए राहगीरों पर कीचड़ छिटक कर पड़ रहे हैं। वास्तव में नियम व शर्त के मुताबिक पाइप लाईन डालने व केबल बिछाने के बाद खुदाई वाले स्थान को तुरंत पाटकर न केवल समतल किया जाना चाहिए बल्कि सीमेंटीकरण भी अनिवार्य है। आज कई दिन हो गए सड़कें यूं ही खोदकर छोड़ दिया गया है। यही हालत गोलबाजार के अंदर व बाहर है। सबसे बुरी स्थिति सत्तीबाजार, सदर बाजार मार्ग की है। गड्ढे से व्यापारी परेशान है। ग्राहकी कम हो गई है। जबकि यहां पड़ोसी राज्यों के लोग भी खरीददारी करने आते हैं। अमृत मिशन के तहत 24 घंटे पानी तो नहीं मिल रहा है अलबत्ता 24 घंटे की परेशानी जरूर हो गई है। ये गड्ढे जहर बन गए हैं। सुविधाओं के लिए विकास कार्यों का विरोध नहीं है। विरोध कार्य के कछुआ गति से है। नाराजगी इस बात को लेकर है कि मरम्मत तत्काल क्यों नहीं कराई जाती। बारिश थमने के बाद धूल के गुबार से परेशानी और बढ़ेगी। हालत यह है कि राजधानी में सड़क खोजनी पड़ रही है। लोग रायपुर को गड्ढापुर कहने लगे हैं। लोग जान जोखिम में डालकर आना-जाना कर रहे हैं। दरअसल बरसात के मौसम में उक्त कार्य कराना ही नहीं था। मिट्टी में धसने से गाड़ियां फंस रही है। लोग गिर रहे हैं। शरीर की हड्डियां टूट रही है। चोट आ रही है। शहर इस तरह खुदा है कि आम आदमी की परेशानी देखकर 'खुदा' भी आंसू बहा रहा होगा। शहर अनाथ हो गया है। जनता की परेशानी की सुध लेने वाला कोई नहीं है।



### कलश व अखंड ज्योत स्थापना 7 को

**रायपुर 6 अगस्त।** खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणि प्रभ सूरीश्वर जी द्वारा प्रतिष्ठित चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी भैरव सोसायटी में सोमवार 7 अगस्त से 27 अगस्त तक 21 दिवसीय दादागुरुदेव इक्तिसा जाप आरम्भ हो रहा है । यह जाप प्रतिदिन रात्रि 8 . 00 से 9 . 00 बजे तक संगीतमय दादागुरुदेव का इक्तिसा जाप होगा । इस हेतु सोमवार को प्रात: 9 बजे दादागुरुदेव की मूर्ति की स्थापना की जावेगी साथ ही कुम्भ कलश व अखण्ड दीपक की स्थापना भी की जावेगी ।

### रद्द ट्रेनें आखिर कब शुरू होगी , समय पर कब चलने लगेगी: कन्हैया

**रायपुर 6 अगस्त।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने रेल मंत्री श्री अश्वनी कुमार का छत्तीसगढ़ आगमन पर स्वागत करते हुए कहा कि रेल मंत्री को छत्तीसगढ़ की जनता को यह जवाब देना चाहिए छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली यात्री ट्रेनें लगातार रद्द क्यों की जा रही है , आखिर यह सिलसिला कब तक चलेगा ,ट्रेन नियमित कब से चलने लगेंगी ।










कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23